## आज का मौसम

शुक्रवार को धूप खिली रहने के साथ मौसम खुला रहने की संभावना है।

24.0⁰ अधिकतम तापमान | 9.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 50 | सूर्यास्त 05 : 20


अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को सर्दीभर मिलेगा सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन

- मूंगफली की चिक्की, गुड़-तिल-मूंगफली की गजक, चौलाई (रामदाना) का लड्डू मिलेगा
- मेन्यू में बाजरे का लड्डू अथवा न्यूनतम 50 ग्राम भुना चना देने का भी जिक्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पीएम पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना के तहत जनपद के कुल 1576 विद्यालयों के कक्षा 01 से 08 तक के छात्र-छात्राओं को दिसंबर 2025 से सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन दिया जाने लगा है। योजना मार्च 2026 (सर्दी) तक संचालित की जाएगी और प्रत्येक गुरुवार को वितरण होगा।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि यदि किसी कारणवश उस दिन विद्यालय बंद रहता है, तो अगले कार्यदिवस में वितरण किया जाएगा। न्यूट्रीशन वितरण शिक्षण कार्य शुरू होने से पहले कराया जाएगा। स्थानीय उपलब्धता के


ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र के परिषदीय स्कूल में रखी गुड़ व मूंगफली दाना की पट्टी।

आधार पर प्रत्येक छात्र को न्यूनतम 20 ग्राम मूंगफली की चिक्की, गुड़-तिल-मूंगफली की गजक, चौलाई (रामदाना) का लड्डू, बाजरे का लड्डू अथवा न्यूनतम 50 ग्राम भुना चना दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि सभी खाद्य सामग्री पैक्ड, गुणवत्तापूर्ण, एफएसएसएआई मार्कयुक्त तथा स्पष्ट एक्सपायरी डेट सहित होना जरूरी है।

> गुड़ से हीमोग्लोबिन बढ़ता है। साथ ही मूंगफली का दाना, तिल व गुड़ सर्दी में छात्र-छात्राओं को राहत देगा। सभी प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन का अच्छी तरह से प्रत्येक गुरुवार को नियमानुसार वितरण कराएं।
> –संदीप कुमार, बीएसए

सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन का क्रय मध्यान्ह भोजन योजना की तरह किया जाएगा। योजना के लिए धनराशि राज्य मुख्यालय से दो किश्तों में जनपद को प्राप्त होगी, जिसके बाद इसे विद्यालयों के मध्यान्ह भोजन निधि खातों में प्रत्येक माह में एक बार भेजा जाएगा। योजना के प्रभावी संचालन के लिए जनपद एवं विकास खंड स्तरीय टास्क फोर्स निरीक्षण करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर सोशल ऑडिट के माध्यम से मूल्यांकन कराया जाएगा। प्रति छात्र 5 रुपये की दर से गुणवत्तापूर्ण सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन का वितरण अनिवार्य रूप से कराएं।

# धर्मांतरण में गिरफ्तारी की परिजनों को देनी होगी सूचना

- पुलिस लिखित में बतायेगी किस आरोप में किया गया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** धर्मांतरण के मामले में किसी की गिरफ्तारी के दो घंटे में पुलिस को गिरफ्तारी का कारण लिखित में परिजनों को देना होगा। एसपी ने ये जानकारी दी है।

एसपी विनोद कुमार ने बताया कि शासन से आदेश आया है कि अब पुलिस धर्मांतरण को लेकर किसी की गिरफ्तारी करेगी तो इसकी सूचना उनके परिजनों को देगी। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करेगी। ठठिया थाना क्षेत्र के गांव करसाह में धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार किये गये आरोपियों पन्ना लाल, विद्यासागर व उमाशंकर को न्यायालय भेजा था जहां से आरोपियों को जमानत मिल गई। इस घटना के बाद एसपी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब पुलिस इस तरह की लापरवाही नहीं करेगी। किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद संबंधित के परिजनों को लिखित में सूचना देगी साथ ही उससे रिसीविंग भी लेगी। उधर, एसपी ने बताया कि धर्मांतरण के आरोपियों को जमानत नहीं मिली है। उनको रिमाण्ड पर लेने के बाद पुलिस पूछताछ करेगी। इस के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक-स्कूटी की टक्कर में युवती सहित तीन लोग घायल

**छिबरामऊ।** सौरिख रोड स्थित बाबा की बगिया के पास बाइक और स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में युवती सहित 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सनी पुत्र महेश चंद्र कठेरिया निवासी मोहल्ला कटरा गली अपने किसी काम से सौरिख गया था और बाइक से वापस लौट रहा था। इसी दौरान शिवम पुत्र रामविलास निवासी मोहल्ला बजरिया की स्कूटी से उसकी बाइक टकरा गई। इस हादसे में मंदिर जा रही मोहिनी पुत्री चंद्रपाल कोरी निवासी इंद्रा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद चौराहा को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने शिवम और मोहिनी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जबकि सनी का इलाज सौ शैय्या अस्पताल में ही जारी है।

### सौरिख में दरवाजे पर खड़ा ट्रक चोरी

**सौरिख।** दरवाजे पर खड़ा ट्रक चोरी हो जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कस्बा के सीएसबी रोड निवासी शरद दुबे पुत्र लक्ष्मीकांत दुबे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 दिसंबर की रात दरवाजे पर खड़ा उसका टाटा ट्रक जो एन आर डी कंस्ट्रक्शन कंपनी में रजिस्टर्ड है को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया।

### विष्णुप्रिया का एमडी में चयन, सम्मान

**छिबरामऊ।** आवास विकास कॉलोनी निवासी शिक्षक दंपति अरुणेश चतुर्वेदी एवं अर्चना चतुर्वेदी की पुत्री विष्णुप्रिया का कानपुर के प्रतिष्ठित गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय (हैलेट अस्पताल) से एमडी कोर्स में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर "मेरा शहर मेरी जिम्मेदारीग्रुप के सदस्यों ने उनके घर पहुँचकर भव्य सम्मान किया। माता–पिता को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुहिम के संचालक गौरव त्रिपाठी 'अमर' ने कहा कि, विष्णुप्रिया ने कठिन परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास से सपना साकार कर दिखाया। संजीव दुबे, सचिन गुप्ता एवं संजीव चौहान आदि मौजूद रहे।

# दोबारा जांची गई ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट

## 19 नवंबर के बाद फिर मेडिकल कॉलेज पहुंची थी एनएसडीएल टीम

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** आधुनिक संसाधनों से लैस राजकीय मेडिकल कॉलेज में ब्लड कम्पोनेंट सेपरेटर यूनिट तैयार हो गई है, लेकिन लाइसेंस न मिलने से संचालन नहीं हो पा रहा। 19 नवंबर को एनएसडीएल की टीम ने यूनिट का निरीक्षण किया था। कई कमियां मिलने पर टीम ने उन्हें दूर करने के बाद दोबारा निरीक्षण की बात कही थी। गुरुवार को टीम ने दोबारा निरीक्षण किया।

डेंगू के मौसम में मरीजों को प्लेटलेट्स और प्लाज्मा के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए जुलाई में ही राजकीय मेडिकल कॉलेज में ब्लड कम्पोंनेंट सेपरेटर यूनिट लगाई गई थी। इसमें डीप फ्रीजर व सेपरेटर मशीन सहित सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराकर लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया था। नवंबर में कन्नौज के डीआई परमेश द्विवेदी व केंद्र सरकार से दिल्ली के डीआई अंकुश गुप्ता ने यूनिट का निरीक्षण किया। इसमें कमियां मिली थीं। गुरुवार को डीआई परमेश द्विवेदी ने दोबारा निरीक्षण किया। सब ठीक मिलने पर शासन को रिपोर्ट भेजने की बात कही। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि टीम द्वारा दोबारा यूनिट के निरीक्षण की रिपोर्ट दाखिल करेंगी। 45 दिनों बाद लाइसेंस जारी होने की उम्मीद है। यूनिट का संचालन शुरू होने पर खून से प्लाज्मा, पीआरबीसी (पैक्ड रेड ब्लड सेल), प्लेटलेट्स एवं इम्यूनोग्लोबिन कंपोनेंट एकत्र किए जा सकेंगे।


मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण के दौरान मौजूद एनएसडीएल की टीम। अमृत विचार

## चकबंदी प्रक्रिया रुकवाने को पूर्व सांसद से मिले किसान

**कन्नौज।** क्षेत्र में चल रही चकबंदी प्रक्रिया में बरती जा रही अनियमितताओं से किसानों में गहरी नाराज़गी है। आधा सैकड़ा किसान गुरुवार को पूर्व सांसद सुब्रत पाठक से मिले और चकबंदी कार्यवाही को तत्काल रुकवाने की मांग की। कि सानों ने पूर्व सांसद को बताया कि वह कई बार उच्च अधिकारियों से मिल चुके है लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई। पूर्व सांसद ने उन्हें आश्वासन दिया कि चकबंदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि यह मामला किसानों के भविष्य से जुड़ा है उच्च अधिकारियों से मिल कर चकबंदी निरस्त कराई जाएगी। बताया कि वर्तमान में डीएम सहित संबंधित अधिकारी एस आई आर जैसे महत्वपूर्ण कार्य में व्यस्त हैं, इसलिए सोमवार को वे जिलाधिकारी से मुलाकात कर वार्ता करेंगे। इस मौके सौरभ तिवारी, विकास तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, रवी तिवारी, ब्रजेश कुमार, अमीरी वर्मा, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।



महिला पीआरडी जवान को सम्मानित करतीं विधायक अर्चना पांडे। अमृत विचार

# प्रांतीय रक्षक दल का 77वां स्थापना दिवस मनाया

- मिघौली स्टेडियम में विधायक ने ली परेड की सलामी

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) का 77वां स्थापना दिवस ग्राम मिघौली स्टेडियम में मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक अर्चना पांडेय ने परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली।

अपने संबोधन में विधायक ने प्रांतीय रक्षक दल के 77 वर्षों के गौरवशाली इतिहास, जनसेवा की परंपरा तथा प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन में इसके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। कहा कि आज का युवा जवान जिस समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य कर रहा है, वह वाकई प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में जनपद के सभी आठ विकासखंडों से चयनित 66 जवानों की तीन टुकड़ियों ने शानदार परेड की। वॉलीबाल मैच एवं रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। समापनपर विधायकाने विजेता एवं प्रतिभागी जवानों को पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सौरभ यादव, कार्यक्रम प्रभारी आकाश सिंह, वरिष्ठ सहायक महेंद्र सिंह चंदेल, ब्लॉक कमांडर उमेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रक में लदे 12 गोवंश बरामद, दो लोग हिरासत में

**तिर्वा।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर देर रात पुलिस ने ट्रक में लादकर ले जाए जा रहे दर्जन भर गोवंश बरामद किए।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी आशीष कुमार के साथ एक्सप्रेस वे पर घेराबंदी कर देर रात 193 किलोमीटर पर आगरा की तरफ से आ रहे ट्रक को रुकवा कर तलाशी ली। इस दौरान ट्रक के अंदर 9 गाय तथा तीन बछड़े भूसे की तरह भरे मिले। पुलिस ने ट्रक चालक तथा उसके सहयोगी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चालक ने बताया कि वह सिरसागंज फिरोजाबाद से गाय लादकर बिहार ले जा रहा था। ट्रक चालक धर्मपाल पुत्र डुगर राम निवासी सतरा एम एल पठान पुलिस चौकी रिको गंगा नगर, राजस्थान व करन पुत्र वंशी लाल निवासी रतते बाला पदमपुर गंगा नगर राजस्थान को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट से ग्रसित बच्चे को मिला उपचार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जन्मजात न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट से ग्रसित तीन दिन से बच्चे को उपचार के लिये लखनऊ भेजा गया। यह प्रक्रिया राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई।

जन्मजात न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट (spina bifida) से ग्रसित तीन दिन के बच्चे के परिवार ने डॉ. वरुण सिंह कटियार से संपर्क किया। इसके बाद उन्होंने बच्चे को आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर डॉ. राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल लखनऊ में इलाज के लिये भिजवाया।

जहां बच्चे का योजना के अंतर्गत निःशुल्क जांच व उपचार किया जाएगा। बताया कि यदि कोई बच्चा न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट से ग्रसित होने की जानकारी मिले तो वह संपर्क करें, इलाज की हर संभव कोशिश की जाएगी।


बच्चे की मां लखनऊ जाने से पहले डा. वरुण कटियार से जानकारी लेते हुए।

## बाबा हाजी शरीफ का उर्स एक से चार जनवरी तक

**कन्नौज।** शहर के प्रसिद्ध बुजुर्ग बाबा हाजी शरीफ जिन्दनी के उर्स की तैयारियों शुरू कर दी गई हैं। बाबा का 833वां उर्स 01 से 04 जनवरी तक होगा।

उर्स हर साल उर्दू के महीने रजब में 11, 12 और 13 तारीख को होता है। इस बार ये तारीख 01 से 04 जनवरी तक पड़ रही हैं। उर्स कमेटी के सदर हाजी समसुल खान ने अपने आवास पर उर्स को लेकर कमेटी की बैठक की। इसमें उर्स को और भव्य बनाने के लिये चर्चा की गई।। बताया कि हिंदुस्तान के मशहूर फनकार मुराद आतिश और जुनैद सुल्तानी के बीच दो जनवरी को कव्वाली का कड़ा मुकाबला होगा।

**पहल** | अमृत 2 .0 से हो रहा काम, इस टैंक से ओवरहेड टैंक भर दी जाएगी पानी की सप्लाई

# सरायमीरा में बन रहा 300 किलोलीटर का सीडब्ल्यूआर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर भर में अपना समय पूरा कर चुकी पानी की सप्लाई लाइनों को जल्द ही बदल दिया जाएगा। इसके साथ ही पानी के नए कनेक्शन भी मिलेंगे। सरायमीरा में मंडी समिति के पास 300 किलोलीटर की क्षमता का सीडब्ल्यूआर (क्लीयर वाटर रिजर्वायर) बनाया जा रहा है जिसके माध्यम से ओवरहेड टैंक को भरा जाएगा। फिर इससे पानी की सप्लाई दी जाएगी।

यह जानकारी सहायक अभियंता जल निगम विपुल ओमरे व अवर अभियंता कौशल कुमार ने विशेष बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि शहर में पाइप लाइनों को बदले जाने का काम अमृत 2.0 योजना के तहत किया जा रहा है। इस क्रम में मोहल्ला गदनपुरबड्डू समेत कुछ स्थानों पर डेढ़ किमी में पाइप डाले जा चुके हैं। इसी योजना में पांच टैंक, 10 ट्यूबवेल बनाने के साथ ही कलेक्ट्रेट स्थित टैंक को मरम्मत कर संचालित किया जाना है। ये सभी टैंक ऑटोमेटेड होंगे यानी एक ही कंट्रोल रूम से संचालन किया जाएगा। इनको कहीं से भी चालू या बंद किया जा सकेगा।

जानकारी दी कि जहां तीन से ज्यादा नलकूप होते हैं वहां सीडब्लूआर का निर्माण कराया जाता है। इसी क्रम में मंडी समिति के पास इसका निर्माण चल रहा है। इस क्षेत्र में तीन से ज्यादा ट्यूबवेल हैं जिनका पानी पहले इसमें भरा जाएगा।इसके बाद इससे ओवरहेड टैंक्स को भरकर सप्लाई जनता को दी जाएगी। बताया कि योजना के तहत जसौली, नसरापुर, मानपुर में पाइप लाइन डाले जाने के साथ कनेक्शन देने का भी काम चल रहा है। संपूर्ण काम मे.जिए मिलर फर्म की ओर से कराया जा रहा है।


निर्माणाधीन क्लीयर वाटर रिजर्वायर (सीडब्ल्यूआर) का जायजा लेते सहायक अभियंता विपुल ओमरे, अवर अभियंता कौशल कुमार व अन्य। अमृत विचार

### कनेक्शन होंगे निशुल्क, देना होगा निवास का प्रमाण

- **कन्नौज।** नए कनेक्शन और पुराने जो बदले जाएंगे का कोई शुल्क देय नहीं होगा। इसके लिए संबंधित व्यक्ति से फार्म भरवाया जाएगा जिसके साथ फोटो और बिजली बिल या आधार कार्ड की प्रति लगानी होगी। यह इसलिए कि जो कनेक्शन हो वैध हो।

### नए कनेक्शन मिलेंगे रुकेगी पानी की बर्बादी

- **कन्नौज।** सहायक अभियंता ने बताया कि अभी ज्यादातर स्थानों पर सीधी सप्लाई दिए जाने से पानी की बर्बादी हो रही है। नई व्यवस्था होने के बाद सुबह और शाम को नियत घंटों में सप्लाई दी जाएगी। इससे लोग पानी की कीमत भी समझेंगे और इसकी बर्बादी भी रुकेगी।

### सड़कें सही होने में लगेगा समय

- **कन्नौज।** सहायक अभियंता ने सड़कें खुदने से हो रही आवागमन की दिक्कत को लेकर कहा कि फिलहाल इसे चलने लायक तो बना दिया जाएगा लेकिन इसके पूर्ववत होने में समय लगेगा। पाइपलाइन पड़ने के बाद हाइड्रोटेस्टिंग (पानी के प्रेशर की जांच) की जाएगी। इसके बाद कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके बाद जैसी सड़क थी वैसी ही बनाकर दी जाएगी। किसी को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी।




अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### शराब बनाने से मना किया तो घर में आग लगाई

कन्नौज। दूसरे की शराब बनाने से मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित के घर में आग लगा दी ।तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव मुढ़िया निवासी ललिता पत्नी ब्रजेश बहेलिया ने एसपी विनोद कुमार को दिये शिकायती पत्र में कहा कि वह अनुसूचित जाति की है। गांव का ही निवासी रमेश पुत्र करन सिंह उसके विकलांग पति ब्रजेश से शराब का निर्माण कराता है। एक पैकिंग पर 20 रुपये कमीशन देता है। पति ने शराब बनाने से मना किया और कमीशन बढ़ाने को कहा तो आरोपी नाराज हो गया। पति को चौकी पुलिस से पकड़वा दिया। चौकी से किसी तरह निपटारा किया गया। आरोप लगाया कि बुधवार रात वह बच्चों को लेकर घर के अंदर सो रही थी उसी समय घर के पश्चिम दिशा से आग लग गई। जानकारी पर गांव के लोग दौड कर आये और उसे व बच्चों को बचाया। घर का सारा सामान जल कर नष्ट हो गया। आग लगने की सूचनापर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची। आग लगने का शक उसने गांव के ही तीन लोगों पर है।

### कोई भी सही मतदाता न छूटे, जायज ही वोट काटें

छिबरामऊ। खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी आनंद दुबे ने जगदीश्वर दयाल इंटर कॉलेज में आयोजित बीएलए व बीएलओ की बैठक को संबोधित करते हुए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण अत्यंत सावधानी से किया जाए। सूचियां अच्छी तरह पढ़ी व समझी जाएं। केवल वैध आपत्तियों पर ही नाम काटे जाएं, कोई भी पात्र मतदाता सूची से न छूटे। बैठक में सभासद नरेंद्र शर्मा, भीम आर्मी से विजय कुमार गिहार व कुलदीप यादव, समाजबादी पार्टी से गोविंद यादव, अजहर खान, रेवती रमन शुक्ला, कमल यादव, कृष्ण प्रताप सिंह, ऊमर एवं बब्लू शर्मा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए एवं बीएलओ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रवीण बने जीएसटी सलाहकार

छिबरामऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय में आयोजित हुई। संगठन विस्तार के दौरान एडवोकेट प्रवीण गुप्ता को जीएसटी सलाहकार, पवन चौहान को नगर उपाध्यक्ष, युवा नेता पंकज तोमर को विधि सलाहकार, सुमित को नगर मंत्री, शिवम गुप्ता, गौरव गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष तथा स्वतंत्र कुमार को नगर मंत्री नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अतुल वर्मा ने किया जबकि संयोजन की जिम्मेदारी जिला महामंत्री आशीष वर्मा ने संभाली। इस दौरान नगर अध्यक्ष गौरव गोयल, युवा नगर अध्यक्ष डॉ. आदित्य श्रीवास्तव, उमेश मिश्रा, मनोज दीक्षित, अंकित तिवारी, रोहित गुप्ता, अवनीश गुप्ता, राघवेंद्र शर्मा, आकाश गुप्ता, सौरभ श्रीवास्तव, उमेश राठौर, अमित गुप्ता, जय किशन गुप्ता, शरद गुप्ता, सचिन वर्मा, गौरव यादव सहित अनेक गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### डॉ. रामनाथ सिंह को किया गया याद

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत सिरौली में समाजसेवी स्व. डॉ. रामनाथ सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर जनमानस द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। उनके पुत्र जिला जज सर्वेश कुमार द्वारा कहा गया कि वे हमेशा अपने पिताजी के बताए हुए रास्तों पर चलकर आगे बढ़े हैं। उनकी याद में पुण्यतिथि के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें हमारे पूरा परिवार के साथ-साथ आसपास गांव से भी लोग आकर उन्हें सच्चे मन से याद करते हैं। कार्यक्रम में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की तादाद में आकर लोगों ने भंडारा ग्रहण किया।

### महिला ने फांसी लगाकर जान दी

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद के अहमलापुर गांव में महिला जूली पत्नी सत्यवीर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के चाचा रक्षपाल ने बताया कि जूली की शादी सात माह पूर्व नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में सत्यवीर से हुई थी। तीन दिन पहले जूली की अपने पति सत्यवीर से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद से वह कुछ सुस्त रहने लगी थी। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान जूली ने फंदा लगाअपनी जान दे दी । जांच की जा रही है।

# अधिकारियों के समझाने पर माने परिजन, ढाई घंटे बाद उठे शव

## तीन की मौत से गांव में पसरा मातम, परिजनों का करुण क्रंदन सुन नम हुईं सैकड़ों आंखें

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


डीसीएम के नीचे आई बाइक।


राजन।


काजल।


सेजल।

अमृत विचार। जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के नबीगंज रोड पर हुए सड़क हादसे में चचेरे भाई व दो सगी बहनों के शवों को देखकर हर आंख नम हो गयी। ढाई घंटे तक परिजनों ने शव नहीं उठने दिये। अधिकारियों के समझाने के बाद प्रातः 11 बजे शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला भूड़ निवासी राजन अपनी चचेरी बहनों काजल (15) और सेजल (12) को धीरपुर इण्टर कॉलेज में छोडने के लिए निकला था। नबीगंज मार्ग पर काल बनकर आए डीसीएम ने बाइक को कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक व दोनों लड़कियां डीसीएम के पहियों में फंसकर कई मीटर तक घिसटती चली गईं। घर वालों को सूचना मिली तो जो जिस अवस्था में था मौके की तरफ दौड़ पड़ा। मृतक राजन की मां बड़ीबेटी तथा काजल व सेजल की मां उमा देवी बच्चों के तमाम संस्मरणों को यादकर शवों से लिपटकर करुण क्रंदन कर रही थीं। घर के इकलौते चिराग को खोने के बाद बड़ीबेटी तो कई बार गश खाकर गिर गईं। परिवार में तीन मौतों के बाद जैसे परिवार पर दुखों का पहाड़ सा टूट पड़ा। समय के साथ भीड़ बढ़ती गयी। डीसीएम चालक घटना के बाद ही फरार हो गया । परिजनों ने आरोपी चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों का कहना था जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी, न पोस्टमॉर्टम होगा, ना ही अंतिम संस्कार।मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। डीसीएम को कब्जे में ले लिया। उपजिलाधिकारी सदर रजनीकान्त पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल, सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा भी मौके पर पहुंचे और दुःखी परिजनों को ढांढस बंधाया। अधिकारियों के समझाने के बाद प्रातः 11 बजे परिजन माने और तब कहीं जाकर घटना स्थल से शव उठे और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सुरक्षा की दृष्टि से ग्राम नगला भूड़ में पुलिस फोर्स तैनात रहा।


उर्स में शेख जी का डोला उठाए अकीदतमंद। अमृत विचार

# देर रात्रि तक गूंजीं 'ले चल पीर' की सदाएं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जनपद के कमालगंज थाना क्षेत्र में हजरत शेख मखदूम बुर्राकशाह लंगरजहां अलैह का 701 वां उर्स और मेला शुरू हो गया है। इस अवसर पर बुधवार की शाम से शुरु हुआ यह देर रात तक चलता रहा। भोजपुर से शेखपुर स्थित दरगाह-ए-मखदूमियां तक चार किलोमीटर लंबी डोला यात्रा निकाली गई, जिसमें 'ले चल पीर' की सदाएं गूंज उठीं।

बुधवार की शाम को भोजपुर से डोला उठाया गया। सैकड़ों छड़ीबाज नंगे पैर डोले के आगे-पीछे दौड़ते हुए रेलवे क्रॉसिंग पार कर दरगाह-ए-मखदूमियां पहुंचे। उर्स की शुरुआत बुधवार सुबह गुसलपाक से हुई, जिसके बाद फातिहाख्वानी, चादरपोशी और गुलपोशी की रस्में अदा की गईं। 700 साल पुराने लिबास 'खिरका शरीफ' को भोजपुर स्थित चिल्लागाह पहुंचाया गया। सज्जादानशीन हजरत शेख अजीजुल हक गालिब मियां को यह खिरका शरीफ पहनाया गया, जिसके बाद वे बेहोशी की हालत में डोले में सवार हुए।

दरगाह पहुंचने पर मजार शरीफ की परिक्रमा कराई गई और खिरका शरीफ उतारा गया।

# चोरी के मोबाइल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। कायमगंज कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को मोबाइल चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से दो चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए।

यह मामला ग्राम मझोला निवासी माधुरी देवी पत्नी मूलचंद की शिकायत पर दर्ज किया गया था। माधुरी देवी ने कोतवाली पुलिस को अपने घर से मोबाइल चोरी होने की सूचना दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। उपनिरीक्षक मोहित कुमार इस मामले की विवेचना कर रहे थे। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी दिलीप (पुत्र मुकेश, निवासी अकराबाद, थाना कंपिल, उम्र 22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान दिलीप के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद हुए। कोतवाली प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मऊदरवाजा गल्ला मंडी में नाले की मरम्मत शुरू

- एक व्यक्ति की खुले नाले में गिरने से हो चुकी है मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मऊदरवाजा गल्ला मंडी में नगर पालिका ने खुले नाले की मरम्मत और सफाई का काम शुरू कर दिया है। हाल ही में इसमें गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। हादसे पर स्थानीय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश व्यक्त किया था जिसके बाद प्रशासन तत्काल हरकत में आया और सफाई कार्य शुरू किया।

यह दुखद घटना मऊदरवाजा गल्ला मंडी क्षेत्र में हुई, जहां एक खुला नाला लंबे समय से मौजूद था। व्यक्ति के नाले में गिरने और उसकी मृत्यु होने की खबर से स्थानीय प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठने लगे। घटना की जानकारी सामने आने के बाद, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल और अधिशासी अधिकारी (ईओ) विनोद कुमार ने स्थिति का संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर, सफाई नायक राजेश कुमार और अयूब अली ने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर नाले की सफाई और मरम्मत का कार्य शुरू करवाया। यह काम गुरुवार सुबह से जारी है। यह घटना नगर पालिका फर्रुखाबाद की ओर से खुले नालों के रखरखाव में बरती गई लापरवाही को उजागर करती है। खुले नाले अक्सर आम जनता, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा करते हैं। भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए स्थायी समाधानों की आवश्यकता है।

# छात्र व छात्राओं के कबड्डी मुकाबले में गांधी हाउस ने बाजी मारी

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय की नर्सिंग फैकल्टी एसबीएस दद्दू जी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में चल रहे खेल सप्ताह के अन्तर्गत खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।

कृष्णा वाटिका स्थित विश्वविद्यालय के खेल मैदान में चल रहे मुकाबले की शुरुआत छात्रों की लम्बी कूद से हुई जिसमें गांधी हाउस के अखिल ने 15 फुट लम्बी छलांग लगाकर सबको पछाड़ दिया। छात्राओं की 100 मीटर रेस में पहला व दूसरा स्थान नेहरू हाउस की टीम को मिला। नेहरू हाउस की अंजलि पहले स्थान पर तथा इसी हाउस की नैंसी दूसरे स्थान पर रहीं जबकि गांधी हाउस की पल्लवी को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। इसके पश्चात छात्रों के कबड्डी मैच का मुकाबला हुआ जिसमें नेहरू हाउस व गांधी हाउस के खिलाड़ियों ने जीतने के लिए काफी जद्दोजहद की।


कबड्डी प्रतियोगिता में दमखम दिखाते प्रतिभागी। अमृत विचार

गांधी हाउस ने 8 के मुकाबले 22 प्वाइंट बनाकर 14 प्वाइंट से फाइनल मुकाबला जीत लिया। छात्राओं के कबड्डी मैच में फाइनल मुकाबले में गांधी हाउस की छात्राओं ने रानी लक्ष्मी बाई हाउस की टीम को हराकर 5 प्वाइंट से मुकाबला जीत लिया। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला रानी लक्ष्मी बाई हाउस व गांधी हाउस के बीच खेला गया। जिसमें लक्ष्मी बाई हाउस की टीम ने गांधी हाउस को हराकर फाइनल ट्राफी पर कब्जा कर लिया।

# गंगा और रामगंगा पर नए पुलों के निर्माण की उठाई आवाज

- संसद के शीतकालीन सत्र में बोले सांसद मुकेश राजपूत

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान शून्यकाल में फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया।

फर्रुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत ने लोकसभा में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 730-सी पर स्थित पांचाल घाट के पास गंगा नदी पर तथा इसी मार्ग पर आगे रामगंगा नदी पर नए पुलों का निर्माण अब समय की बड़ी आवश्यकता है। सांसद ने सदन में बताया कि फर्रुखाबाद, फतेहगढ़, कायमगंज, कन्नौज और आसपास के क्षेत्रों का परिवहन इसी मार्ग पर निर्भर है। गंगा और रामगंगा नदी पर बने पुराने पुल अब बढ़ते यातायात दबाव को झेलने में सक्षम नहीं हैं।भारी वाहनों की आवाजाही से अक्सर जाम लगता है,जिससे आम जनता, व्यापारियों, विद्यार्थियों और मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पुलों की चौड़ाई पुराने मानकों के अनुसार है, जबकि आज के समय में तेज और सुरक्षित यातायात के लिए नए, मजबूत और चौड़े पुल अत्यंत जरूरी हैं।

सांसद मुकेश राजपूत ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से यह मांग रखी कि दोनों पुलों को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना के रूप में लिया जाए। निर्माण कार्य की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराई जाए। इससे फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र सहित आसपास के जिलों में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

# राजकीय हाईस्कूल में भविष्य संवारने के गुरुमंत्र मिले

- मुरैया बुजुर्ग में पंख कॅरियर के तहत विद्यार्थियों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सदर तहसील क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल मुरैयां बुजुर्ग में समग्र शिक्षा माध्यमिक एवं यूनिसेफ से संचालित पंख कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम के तहत कॅरियर मेला लगा। इसमें कई क्षेत्रों के विशेषज्ञों व शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को भविष्य संवारने की जानकारी दीं।

राजकीय हाईस्कूल की प्रधानाध्यापक अंजू यादव समेत सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप-प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विशेषज्ञों ने आर्मी, पुलिस, शिक्षक, नर्सिंग, इंजीनियरिंग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, बैंकिंग, कृषि, पत्रकार बनने के लिए शैक्षिक योग्यता व शारीरिक मापदंड पर प्रकाश डाला। भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी के प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह, जनपदीय पंख नोडल अशफाक अहमद खान, राजकीय हाईस्कूल ड्योढ़ा के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ओमकार राजपूत, राजकीय हाईस्कूल किसई जगदीशपुर के प्रधानाध्यापक महेश यादव, राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव, राजकीय हाईस्कूल मित्रसेनपुर के सहायक अध्यापक ब्रजेश कुमार, हेड कांस्टेबल राजकुमार राव, कराटे विशेषज्ञ योगेंद्र शर्मा ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक रागिनी मिश्रा ने किया। अतिथियों ने विद्यालय कक्ष में बने कॅरियर हब का अवलोकन भी किया। इसके अलावा सलोनी कक्षा 10 को प्रथम, हिमांशु कक्षा 09 को द्वितीय व स्वाति कक्षा 09 को तृतीय पुरस्कार दिया गया। अन्य सभी विद्यार्थियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर पूर्णिमा देवी, कंचन यादव मौजूद रहीं।



हेड कांस्टेबल राजकुमार राव को प्रमाण पत्र देतीं प्रधानाध्यापक अंजू यादव।

# 507 उपभोक्ताओं ने जमा किए 22 लाख

कन्नौज। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना-2025 के तहत गुरुवार को जनपद के बसीरापुर भाट, सिमरापुर, अशोक नगर, लोहामढ़, अगौस, जलालपुर, भदौसी, आंटी, मलगवां, आनंदीपुर्वा आदि स्थानों पर कैंप का आयोजन किया।507 उपभोक्ताओं से बकाया 22.08 लाख रुपये जमा कराए गए।

# आज इन स्थानों पर लगेंगे कैंप

कन्नौज। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 12 दिसंबर को योजना के तहत कैंप चौधरियापुर बरौली धरमपुर मनसुखपुरवा सिपाही ठाकुर मानपुर भुन्ना बलारपुर सांडा शाहजहांपुर बहादुरपुर भूडपुर्वा धीरपुर नेकपुर परौर रामपुर रतनपुर महमूदपुर खास नवादा हाजिरपुर भवानी सराय मिर्जापुर में लगाये जाएंगे।


बाल संसद की बैठक में मौजूद छात्र, छात्राएं। अमृत विचार

# बाल संसद में सहभागिता के महत्व पर हुई चर्चा

संवाददाता जलालाबाद

अमृत विचार। पीएमश्री यूपीएस कंपोजिट विद्यालय में बाल संसद कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

गुरुवार को ब्लॉक गुगरापुर के पीएमश्री यूपीएस कंपोजिट विद्यालय में बाल संसद कैबिनेट की बैठक मे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक एक्सपोजर विजिट, छात्र-छात्राओं का चयन परीक्षा परिणाम व शैक्षिक प्रदर्शन के आधार पर किए जाने का निर्णय लिया गया।

विद्यालय में शौचालय, कक्षा कक्ष व परिसर की नियमित साफ सफाई के लिए निगरानी दल, प्रार्थना सभा व्यवस्था, समय पालन, कक्षा अनुशासन को प्रभावी बनाने व छात्र-छात्राओं को फुल ड्रेस, स्वेटर पहन कर आने की अनिवार्यता, पीएम पोषण योजना के तहत छात्राओं को चिक्की का वितरण सुनिश्चित किया गया।

# 11 परीक्षा केंद्रों पर छात्र-छात्राएं देंगे जेएनवी प्रवेश परीक्षा

कन्नौज। जनपद में 13 दिसंबर को कुल 11 केंद्रों पर जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा होगी। इसमें 4513 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

अपर जिला मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने बताया है कि सुबह 11:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक परीक्षा होगी। शहर के सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन मार्ग, कन्नौज पब्लिक स्कूल अकबरपुर सराय घाघ तिर्वा रोड, जेपीएस कन्नौज, कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मकरंदनगर, महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वागंज, रहमानिया इंटर कॉलेज तिर्वा, सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर, सिटी चिल्ड्रेन एकेडमी छिबरामऊ, सेंट पॉल स्कूल छिबरामऊ, जेपी अकादमी गुरसहायगंज, आशा देवी इंटर कॉलेज सौरिख को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

अंधेरगर्दी | अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में बच्चों को बांटे जा रहे गलत प्रश्न पत्र

# कक्षा पांच के पेपर में जुम्मन को बना दिया 'चुम्मन'

अजय मिश्र, कन्नौज

अमृत विचार। जिलेभर के परिषदीय स्कूलों में 10 दिसंबर से छमाही इम्तिहान शुरू हो चुके हैं। दूसरे दिन परीक्षार्थियों को गलत प्रश्न पत्र बांट दिए गए।

गुरुवार को कक्षा 05 में हिन्दी की परीक्षा संपन्न हुई। इसमें बहुविकल्पीय 10 प्रश्न पत्रों में पहला ही गलत प्रिंट हुआ। प्रश्न नंबर 01 में बच्चों से पूछा किया चुम्मन शेख के मित्र का नाम था उसके बाद तीन विकल्पों में एक विकल्प का टिक लगाना है। एक शिक्षक ने नाम न प्रकाश में आने की बात पर कहा कि चुम्मन की जगह जुम्मन होना चाहिए था। इसी तरह कक्षा 08 में संस्कत की परीक्षा में सबसे नीचे वाले खंड यानि तीसरे में 05 प्रश्न रिक्त स्थान भरने का बताया गया। इसमें दो विकल्प थे। पहले विकल्प (क) अहं गच्छामि और (ख) रामः लिखति, यह दो विकल्प थे। जानकर अध्यापकों ने बताया कि बच्चों से प्रश्न पूछा गया कि रिक्त स्थान भरिए जबकि विकल्पों में रिक्त जगह ही नहीं थी। प्रश्न संस्कृत में दिए दोनों विकल्पों को हिन्दी में लिखने वाला होना चाहिए था। कुछ शिक्षकों का कहना है कि पहले दिन भी प्रश्न पत्रों में गलतियां हुईं हैं। उधर प्रभारी प्राचार्य- डायट अमित कुमार का कहना है कि मैंने कुछ दिनों पहले ही डायट में कार्यभार ग्रहण किया है। पेपर उनके आने से पहले ही प्रिंट हुए होंगे। अगले दिन वह देखेंगे कि चूक कहां हुई है और सुधार कराने का प्रयास होगा।

### आखिर गलती किसकी

- पेपर में गलत प्रश्न पत्र हैं इस पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कुछ लोगों का कहना है कि जहां पेपर प्रिंट कराए गए हैं वहां टाइप करने में गलती हुई है। कई लोगों का मानना है कि हो सकता है कि गलत प्रश्न पत्र ही लिखे गए हों। एक शिक्षक संगठन के पदाधिकारी का तर्क है कि पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष पेपर भी कम प्राप्त हुए हैं इससे एक-एक प्रश्न पत्र को देखने के लिए चार से पांच छात्र को एक साथ बैठाया जा रहा है। इससे लगता है कि अधिकारी छमाही परीक्षाओं को लेकर गंभीर नहीं हैं महज लीक पीटी जा रही है।

### 28 से शुरू होनी थीं परीक्षाएं

- पेपर बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने 10 नवंबर को पत्र जारी कर 28 नवंबर से 03 दिसंबर तक परीक्षाएं संपन्न होने की समय सारिणी जारी की थी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के चलते परीक्षाएं 10 दिसंबर से शुरू की गई हैं जो 16 तारीख तक चलेंगी।

# आपात स्थिति में छात्राएं करें हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग

संवाददाता गुरसहायगंज

अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत सीओ सिटी व पुलिस टीम ने छात्राओं को नारी, सुरक्षा व नारी सम्मान के प्रति जानकारी देकर जागरूक किया। छात्राओं को आत्मनिर्भर व स्वालंबी बनने पर जोर दिया गया। गुरुवार को नगर के फर्रुखाबाद रोड मोहल्ला रामगंज स्थित आकाश एजूकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों, सरकार की योजनाओं दी जानकारी देकर जागरूक किया।


छात्राओं को जागरूक करते सीओ सिटी अभिषेक प्रताप अजेय व अन्य।

बताया कि आपात स्थिति में छात्राएं हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 181, 1930, 1076, 1098 का प्रयोग कर पुलिस व अन्य सहायता प्राप्त कर सकते है। मिशन शक्ति के पम्पलेट वितरित कर अपराध नियंत्रण में पहल करने की अपील की गई। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक सीपी तिवारी, कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी, प्रबंधक डा. आरके कटियार, डायरेक्टर आकाश कटियार, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, रिद्धि कटियार, विमल यादव आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

## गरीब छात्रों को स्वेटर और जूते बांटे

महेवा । कस्बा स्थित लोकमान्य रूरल इंटर कॉलेज में कार्यरत उपप्रधानाचार्य /शिक्षिका मंजुलता ने स्कूल में अध्ययनरत करीब दो दर्जन छात्र छात्राओं को सर्दी से बचने के लिए ड्रेस के स्वेटर एवं जूते मोजे वितरित किए। उक्त स्वेटर व जूते अपनी निधि से वितरित किए । विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय के आधा सैकड़ा से अधिक निर्धन छात्र छात्राओं को समिति के सचिव प्रदीप चतुर्वेदी एवं प्रधानाचार्य डॉ शिव शंकर त्रिपाठी द्वारा स्वेटर बांटे गए।

## श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में कल ओपीडी रहेगी नि:शुल्क

इटावा। प्रतिष्ठित समाजसेवी रहे स्वर्गीय चौधरी शंकर दयाल दीक्षित की 40 वीं पुण्य तिथि पर पर 13 दिसम्बर शनिवार को प्रात: 9 से दोपहर 2 बजे तक श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में सभी के लिए ओपीडी नि:शुल्क रहेगी। चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विद्याकांत तिवारी ने जनता से इस नि:शुल्क ओपीडी का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## सड़क दुर्घटना में महिला घायल

इटावा। थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत समथर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से ओमवती पत्नी मातादीन निवासी रुद्रपुर ऊसराहार गम्भीर रूप से घायल हो गईं। घटना स्थल से घायल महिला को ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कवि सम्मेलन 12 को

इटावा । जनपद प्रदर्शनी एवं पशु मेला इटावा के तत्वावधान में जनपदीय कवि सम्मेलन का आयोजन 12 दिसम्बर दिन शुक्रवार को शाम 8 बजे से प्रदर्शनी पंडाल इटावा में किया जायेगा । कवि सम्मेलन के संयोजक विशम्भर नाथ भटेले व सह संयोजक सुरेश चंद्र दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विक्रम सिंह राघव उप जिलाधिकारी/जनरल सेक्रेटरी प्रदर्शनी होंगे ।

## पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कल

इटावा। प्रदर्शनी पंडाल में प्रेस क्लब इटावा के तत्वावधान में पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन कल 13 दिसम्बर दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे होगा। यह जानकारी प्रेस क्लब के महामंत्री विशुन कुमार, कार्यक्रम संयोजक महेंद्र सिंह चौहान, वीरेश मिश्रा ने देते हुए बताया कि सम्मेलन की मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया, विशिष्ट अतिथि डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव होंगे तथा अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश शाक्य करेंगे।

## प्रदर्शनी में वैरायटी शो बालिका 18 को

इटावा। वैरायटी शो बालिका कार्यक्रम 18 दिसम्बर को प्रदर्शनी पंडाल में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज इटावा की प्रधानाचार्या अंजू श्री ने बताया कि प्रतिभागी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापक 16 दिसम्बर तक प्रतिभागी छात्राओं की सूची संयोजिका, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज इटावा को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

## महिला को पीटा

इटावा । विनीता पत्नी रामपाल सिंह को किसी बात पर हुए विवाद में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# ब्लैकमेलिंग से परेशान युवक ने दी जान

## पुलिस ने तहरीर के आधार पर शुरू की जांच -पड़ताल, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता भरथना इटावा

अमृत विचार । थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के मोहल्ला पुराना भरथना में दो सगे भाइयों की ब्लैकमेलिंग और धमकियों से परेशान एक युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों में आरोपियों के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश देखा गया।

जानकारी के अनुसार अभिषेक पाल 23 वर्ष पुत्र विजय पाल निवासी भरथना ने पहले जहरीला पदार्थ खाया, इसके बाद फांसी लगा ली। घटना के बाद जब पुलिस ने उसका मोबाइल खंगाला तो कई वीडियो मिले जिनमें अभिषेक ने अपनी मौत के लिए अपने दो दोस्तों को जिम्मेदार ठहराया है। वीडियो में अभिषेक आरोप लगाते हुए कहता है कि उसके दोस्त शैलेश उर्फ बड़े और योगेश उर्फ छोटे ने उसे भैंस का दूध निकालने के बहाने बुलाया और उसका वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि दोनों भाई इस वीडियो को वायरल करने और चोरी का आरोप लगाने की धमकी देकर उससे 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। अभिषेक का कहना था कि वह उनसे वीडियो डिलीट करने की गुहार लगा रहा था, लेकिन आरोपी लगातार दबाव बनाते रहे। परिजनों के मुताबिक आरोपियों ने उससे एक सोने की चेन और 50 हजार रुपये भी ले लिए थे, जो वापस नहीं कर रहे थे। मानसिक उत्पीड़न और लगातार धमकियों से टूटकर अभिषेक ने मौत से पहले अपना बयान रिकॉर्ड कर वीडियो बनाया, जिसमें वह भावुक होकर कहता है कि वह अब यह दबाव सहन नहीं कर पा रहा है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं परिजनों और क्षेत्रीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। मृतक अभिषेकके पिता विजय पाल ने भरथना थाने में तहरीर देकर दोनों भाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। साथ ही वायरल वीडियो की तकनीकी जांच भी कराई जा रही है ताकि आरोपों की पुष्टि हो सके। वहीं पुलिस का कहना है जांच पड़ताल जारी है।


अभिषेक।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

■ भरथना। ग्राम कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक को फंदे से उतारकर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ललित ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाल विक्रम सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक अमित 24 वर्ष पुत्र बृजमोहन शाक्य निवासी ग्राम सरैया पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था। परिजनों के अनुसार चार वर्ष पहले अमित की शादी हुई थी लेकिन उसकी पत्नी करीब एक साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी। मृतक के पिता मंदबुद्धि के हैं, जिससे परिवार की जिम्मेदारी भी मृतक पर थी। घटना की जानकारी मृतक के चचेरे भाई कन्हैया शाक्य ने पुलिस को दी। युवक की मौत से मां ऊषा देवी, बहन रीता, रश्मि, राधा का रो रोकर बुरा हाल है। परिजन घटना के कारणों को लेकर कुछ भी कह पाने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दुकान में लगी आग से लाखों का सामान जलकर हुआ राख

संवाददताता बकेवर इटावा

अमृत विचार । थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के भरथना रोड पर स्थित रक्षक झटका मशीन की एक दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग ने दुकान में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। लोग आग पर काबू पाते तब तक दुकान में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया।

थाना क्षेत्र के गांव बरी पुरा लुधियानी निवासी शिवओम प्रजापति की बकेवर में रक्षक झटका मशीन के नाम से दुकान है। वह शाम को दुकान बंद करके घर चले गए थे। रात करीब साढ़े बारह बजे अचानक उनकी दुकान में आग लग गई । दुकान से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने दुकानदार को आग लगने की सूचना दी।


जला पड़ा सामान देखता दुकानदार। अमृत विचार

- लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

आग लगने की जानकारी मिलने पर स्थनीय लोग व पुलिस मौके पर पहुंची और और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। सूचना पाकर दुकान दार भी मौके पर पहुंच गया। लोग जब तक आग पर काबू पाते तब तक दुकान में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। इस आगजनी की घटना में शिवओम प्रजापति को दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। दुकान के भीतर रखी सभी झटका मशीनें और अन्य कीमती सामान पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय निवासियों के संयुक्त प्रयासों से काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया । आग लगने के कारणों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# ब्रज में होरी रे रसिया पर झूमें श्रद्धालु

कार्यालय संवाददताता इटावा

अमृत विचार । प्रदर्शनी पंडाल में बुधवार को हुए रासलीला कार्यक्रम में लट्ठमार और फूलों की होली में दर्शकों ने भी मंच पर जाकर आज ब्रज में होरी रे रसिया गीत पर जमकर नृत्य किया और भगवान की लीलाओं का खूब आनंद उठाया।

दो दिवसीय रासलीला के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे रेलवे के पूर्व अधिकारी अनिल मिश्र गुल्ली, अनंत अग्रवाल, एलआईसी के अधिकारी अवनेश कुमार तिवारी, डा. ए के दुबे, सभासद शरद वाजपेई द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं श्री युगल सरकार की आरती के साथ हुआ। श्री धाम वृन्दावन से आए श्री हरि बोल गौरांग कृष्ण रामलीला मंडल के रसाचार्य एवं कलाकारों ने मधुर संगीत के साथ सबसे पहले रास नृत्य किया, उसके बाद भक्तिमती मीरा जी के जीवन चरित्र की लीला का बहुत ही शानदार और भावुक मंचन किया। इसके बाद गोपी ग्वाला बने कलाकारों ने ब्रज की प्रसिद्ध लट्ठमार तथा फूलों की होली का इतना शानदार और मस्ती भरा अभिनय किया कि पंडाल में नीचे बैठे श्रोतागण भी मंच पर जाकर झूम उठे और खूब होली भी खेली। आरती के बाद कार्यक्रम संयोजक राजेश कुमार वाजपेई तथा सह संयोजक सुधीर मिश्र ने रास मंडल के संचालक पं. विष्णु शर्मा जी का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया। सम्मान से अभिभूत विष्णु शर्मा ने संयोजक एवं समस्त आयोजक मंडल का हार्दिक आभार जताया।


युगल सरकार पर फूलों की वर्षा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

- प्रदर्शनी पंडाल में हुई रासलीला का दर्शकों ने उठाया लुत्फ

इस अवसर पर राम मनोहर दीक्षित, राम कुमार दुबे, कृष्ण गोपाल चौधरी, राजीव लोचन दीक्षित, ओपी गौर, डा. आशीष दीक्षित, कवि रोहित चौधरी, भगवती प्रसाद चौरसिया, हृदयेश दीक्षित, विनोद दीक्षित, शरद त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पम्प कर्मियों ने पीट कर किया घायल

बसरेहर । बसरेहर निवासी बृजेश पोरवाल का पुत्र विशाल उर्फ गोलू हाईवे स्थित पेट्रोल पंप पर अपनी बाइक में तेल भरवाने पहुंचा, विशाल का कहना है कि उसने पहले ही पैसे दे दिए थे, फिर भी कर्मचारी पेट्रोल भरने में अनावश्यक देरी कर रहे थे। जब उसने विरोध किया तो कर्मचारियों से उसकी कहासुनी हो गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बहस के दौरान एक कर्मचारी ने पैसे विशाल के मुंह पर फेंक दिए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर कर्मचरियों ने हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही विशाल के परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन कर्मचारियों ने उन्हें भी बुरी तरह पीटा। थाना बसरेहर पुलिस ने पीड़ित विशाल के पिता बृजेश से लिखित तहरीर ली और सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने बताया कि फुटेज के आधार पर चार पंप कर्मचारियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# चेयरमैन समेत 4 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार । नगर पालिका कर्मी राजीव यादव की यमुना में कूद कर आत्म हत्या कर लिए जाने के मामले में आरोपी बनाए गए चेयरमैन सहित चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। पुलिस अब आगे की कार्यवाही करेगी।

नगर पालिका कर्मी राजीव यादव ने दो माह पूर्व यमुना में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी थी। यमुना में छलांग लगाने से पहले उन्होंने एक सुसाइड नोट लिखा था जिसमें उन्होंने नगर पालिका की चेयरमैन ज्योति गुप्ता, पूर्व चैयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, ईओ नगर पालिका संतोष मिश्रा , सुनील वर्मा व अतर सिंह पर उसको प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। मृतक के पुत्र सिद्वार्थ की तहरीर पर पुलिस ने पांचों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धाराओं में मामला दर्ज किया था। इसके खिलाफ आरोपी हाईकोर्ट गए थे तभी हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी साथ ही दो माह में विवेचना का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे।

- नगर पालिका कर्मी राजीव यादव का सुसाइड करने का मामला
- दो माह पूर्व यमुना नदी में कूद कर की थी आत्महत्या

पुलिस ने मामले की जांच के बाद चेयरमैन ज्योति गुप्ता, संटू गुप्ता , सुनील वर्मा व अतर सिंह के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्रकोर्ट में पेश कर दिए गए है। अब आगे की कार्यवाही भी की जायेगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल

बकेवर। कस्बा के औरैया रोड पर एक ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। लोगों ने घायल युवक को उपचार हेतु पचास शैय्या अस्पताल पहुंचाया। हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

घटना के संबंध में वीरु ने बताया बुधवार को आर्यन पुत्र जितेंद्र निवासी अम्बेडकर नगर बाइक से सामान लेने के लिऐ बकेवर चौराहे के समीप गया था तभी घर के लिए वापस आते समय मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक पर सवार आर्यन गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग बाइक सवार घायल आर्यन को बकेवर के पचास शैय्या अस्पताल में उपचार के लिए ले गये। जहां घायल बाइक सवार युवक को ईएमओ डाक्टर पुष्पेन्द्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत गम्भीर होने पर घायल युवक को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

# सड़क पर खुले गड्ढे के कारण दुर्घटनाओं का खतरा

संवाददताता, बकेवर इटावा

अमृत विचार । कस्बे के लखना रोड पर जनता डिग्री कॉलेज के गेट नंबर 2 के पास एक महीने से खुला गड्ढा स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। लोक निर्माण विभाग ने जल निकासी के लिए यह गड्ढा खोदा था, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी इसे बंद नहीं किया गया है।

बताया गया है कि इस मार्ग पर तीन विद्यालय स्थित हैं, जिनके छुट्टी के समय छात्रों की भीड़ के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। खुले गड्ढे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि मौखिक शिकायतें कई बार की गईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। गुरुवार को लगभग आधा दर्जन दुकानदारों ने इस संबंध में एक शिकायती पत्र देकर गड्ढे को बंद कराने की मांग की। दुकानदार राकेश यादव ने बताया कि सड़क पर धूल उड़ने से दुकान पर बैठना मुश्किल हो गया है। विजय कुमार और दिनेश शाक्य ने भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पाइपलाइन डालने के बाद न तो सड़क को ठीक किया गया और न ही गड्ढे को बंद किया गया, जिससे स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानी होती है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बकेवर श्याम बचन सरोज ने जानकारी दी कि दुकानदारों द्वारा शिकायती पत्र दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस गड्ढे को जल्द से जल्द बंद करवाकर समस्या का निराकरण किया जाएगा।

- नगर पंचायत से लोगों ने गड्ढे को भरवाने की उठाई मांग

## वन्यजीवों के रेस्क्यू के लिए दिया गया प्रशिक्षण

इटावा। इटावा सफारी पार्क में वन्यजीव रेस्क्यू पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, चंबल वाइल्ड लाइफ सेंचुरी प्रभाग एवं इटावा सफारी पार्क के 69 वन कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सफारी के डायरेक्टर अनिल पटेल ने दीप प्रज्वलित करके किया उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उदेश्य वन्यजीवों के रेस्क्यू के बारे में कर्मियों को अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराकर उनकी क्षमता को और विकसित करना है। उप निदेशक डॉ विनय कुमार सिंह ने सरीसृपों , उनके रेस्क्यू से संबंधित जानकारी साझा की गई। बायोलॉजिस्ट बीएन सिंह, डॉ रॉबिन यादव ने भी इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी कर्मचारियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए।

## वक्फ संपत्तियों को पोर्टल पर दर्ज कराने की तिथि बढ़ी

इटावा। उत्तर प्रदेश वक्फ ट्रिब्यूनल ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के प्रार्थना-पत्र को स्वीकार करते हुए वक्फ संपत्तियों के उमीद पोर्टल पर पंजीकरण के लिए समय बढ़ा दिया है। यह जानकारी सुन्नी वक्फ बोर्ड के जिला समन्वयक मौलाना तारिक शम्सी ने देते हुए बताया कि तकनीकी खामियों के कारण प्रदेश की बड़ी संख्या में वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण उमीद पोर्टल पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर नहीं हो सका था। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की धारा 3( बी) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश वक्फ ट्रिब्यूनल में आवेदन प्रस्तुत किया गया।ट्रिब्यूनल ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के उक्त आवेदन को स्वीकार करते हुए उमीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की तिथि में की अवधि बढ़ा दी है।

कार्यालय-जिलाधिकारी, कन्नौज

पत्रांक-1997/आठ-अ0जि0 (भू0अ0) कानपुर नगर दिनांक: 10/12/2025

आवेदन पत्र का आमंत्रण

जनपद कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के सन्निकट विकसित किये जा रहे औद्योगिक गलियारा परियोजना हेतु ग्राम-अलीपुर अहाना तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज, रकबा 45.2040हे0 भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त भूमि के अर्जन से पूर्व भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 एवं भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (उ0प्र0) नियमावली-2016 के अनुसार सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) एवं सामाजिक प्रबन्धन योजना (Social Impact Management) तैयार करने हेतु प्रतिष्ठित केन्द्रीय / राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी / अन्य संस्थान / गैर सरकारी संस्थान /विश्वविद्यालयों आदि से, उक्त परियोजना हेतु प्रस्तावित भूमि के सम्बन्ध में अध्ययन करने के लिये तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.- पात्रता :-

अ- सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) एवं सामाजिक प्रवन्धन करने हेतु प्रतिष्ठित योजना (Social Impact Management) केन्द्रीय / राज्य सरकार / अर्द्ध सरकारी / अन्य संस्थान / गैर सरकारी संस्थान /विश्वविद्यालयों द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

ब- इच्छुक गैर सरकारी संस्थान प्रश्नगत अधिनियम में कम्पनी/सोसायटी के रूप में पंजीकृत हो अथवा कम से कम पिछले पाँच वर्ष पूर्व से किसी अन्य सुसंगत अधिनियम में पंजीकृत हो।

स- संस्थान के पास पर्याप्त मानव संसाधन, जिसमें योग्य स्तर के प्रबन्धन के लिये उपयुक्त व्यक्ति, जो शीर्ष और मध्यम स्तर के प्रबंधन स्तर पर कुशल कार्य कर रहे हो।

द- संस्थान के पास पेशेवर प्रबन्धन, अर्थशास्त्री, समाज शास्त्री/ मानव वैज्ञानिक आदि होने चाहिये, जिसका विवरण आवेदन पत्र के साथ देना अनिवार्य होगा।

य- पूर्व में जिन्होने सामाजिक समाघात अध्ययन एवं सामाजिक प्रबन्धक योजना तैयार किया हो, ऐसे संस्थान को वरीयता दी जायेगी।

2.- आवेदन का प्रारूपः संस्थान द्वारा किये गये आवेदन में संस्थान की संरचना का विवरण शामिल होना चाहिए, जो सामाजिक प्रभाव अध्ययन मूल्यांकन करने के लिये जिम्मेदार होगा। आवेदन के साथ सामाजिक प्रभाव अध्ययन या इसी तरह से जुडे पूर्व में किये गये अध्ययनों का विवरण दिया जाये, जिसमें परियोजना के सम्बन्ध में अध्ययन किये जाने सम्बन्धी समय और स्वरूप का विवरण विस्तार से हो।

3.- पात्रता का चयनः प्राप्त कुल आवेदनों का मूल्यांकन संस्थान द्वारा दिये गये विवरण के आधार पर किया जायेगा। इस कार्य हेतु उपलब्ध स्टाफ, कार्यरत विशेषज्ञों तथा प्रस्तावित कार्यक्षेत्र अथवा अन्य प्रकार की परियोजनाओं हेतु किये गये पूर्व अध्ययन को शामिल किया जायेगा। अतः संस्था द्वारा विवरण अवश्य अंकित किया जाये।

4.- संस्थान के चयन को निरस्त के लिए किसी भी कारण का बताया जाना अनिवार्य नहीं होगा।

5-इच्छुक संस्थानों के आवेदन पूर्ण विवरण के साथ कार्यालय में अथवा पंजीकृत डाक से दिनांक 20.12.2025 तक निम्न पते पर स्वीकार किये जायेगें।

कार्यालय-अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) 37/17 वेस्टकाट बिल्डिंग माल रोड कानपुर नगर।

6-आवेदक द्वारा तकनीकी मूल्यांकन किया जायेगा। वित्तीय मूल्यांकन हेतु सामाजिक समाधात आकलन (Social Impact Assessment) अध्ययन किये जाने के लिये संस्थान द्वारा लिये जाने वाला शुल्क का विवरण (कर सहित) अलग सीलबन्द लिफाफे में दिया जाना होगा। इसके अभाव में आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

नोटः- प्रस्तावित भूमि का पूर्ण विवरण यथा खसरा / क्षेत्रफल / प्रभावित व्यक्ति / मानचित्र (ब्लू प्रिन्ट) आदि अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) कानपुर नगर के कार्यालय में किसी भी कार्यालय दिवस में देखा जा सकता है।

कलेक्टर
भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ
कन्नौज

एसआईआर | भाजपा के कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने एसआईआर को लेकर की बैठक

# हर पात्र व्यक्ति का वोट बनवाने के दिए निर्देश

कार्यालय, संवाददाता इटावा

अमृत विचार । विकास खंड क्षेत्र महेवा के ब्लॉक सभागार महेवा में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की अध्यक्षता में एस.आई.आर. को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने मौजूद बी एल ए से वार्ता करते हुए बूथ की स्थिति की जानकारी ली तथा हर पात्र का वोट बनवाने तथा गलत एवं मृतक के वोट हटवाने का निर्देश दिए । नेताओं ने ग्रामवासियों के साथ एस.आई.आर. प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने व त्रुटियों को दूर करने संबंधी आवश्यक जानकारी दी। बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना गया तथा अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अवगत कराने का आश्वासन दिया गया।


कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देते प्रकाश पाल । अमृत विचार

श्री पाल ने क्षेत्र के आसपास गावों के बीएलओ की भी बैठक कर उनसे जानकारी ली, जिनमें कई बूथों पर शत प्रतिशत कार्य पाकर प्रसन्नता जाहिर की । इस दौरान जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता , एस आई आर जिला संयोजक कृपा नारायण तिवारी , पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ,पूर्व सांसद प्रेम दास कठेरिया ,प्रांतीय सदस्य गोपाल मोहन शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह ,'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की जिला संयोजक मीनाक्षी चौहान, एस आई आर जिला प्रवासी भुवन प्रकाश गुप्ता ,पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौबे ,मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाह , एस आई आर संयोजक अवधेश चतुर्वेदी , मंडल उपाध्यक्ष अवनींद्र कुमार दुबे ,बूथ अध्यक्ष कृष्ण कांत तिवारी ,ओमदत्त तिवारी ,पूजा कुमारी ,इंद्र भान जादौन ,सतेंद्र सिंह , सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कुदरकोट चौराहे पर मिली किशोरी

**रुरुगंज।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के कुदरकोट चौराहे पर पुलिस को एक नाबालिग लड़की अकेली मिली। यह घटना बुधवार देर रात करीब 10 :30 बजे हुई। लड़की स्कूल ड्रेस में थी और उसकी पहचान कन्नौज निवासी 14 वर्षीय राविया वानो के रूप में हुई। राविया जौहरी इंटर कॉलेज ऊसराहार इटावा में पढ़ती है। वह सुबह घर से स्कूल के लिए निकली थी और ऊसराहार बाजार में स्कॉलरशिप का फॉर्म भरवाने गई थी। फॉर्म भरने के बाद उसने अपनी साइकिल वहीं खड़ी कर दी और ऑटो से कुदरकोट चौराहे पर आ गई। रात अधिक होने के कारण उसे कुदरकोट चौराहे से अपने गांव नगला खैमकरन थाना सकरावा कन्नौज तक जाने के लिए कोई साधन नहीं मिला, जिसके कारण वह चौराहे पर इंतजार कर रही थी। कुदरकोट थाना पुलिस ने लड़की को अकेला देखकर उससे पूछताछ की। महिला कांस्टेबल आशा तोमर की सुपुर्दगी में उसे थाने लाया गया। पुलिस ने उसके परिजनों पिता मु. आबिद और माता मोबिना बेगम, से दूरभाष पर संपर्क किया। उन्हें थाने बुलाकर 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत राविया वानो को सकुशल उनके माता-पिता को सौंप दिया गया।

### बेटे की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज के लालपुर पट्टी गांव में सोनू (25) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने इसे बीमारी से हुई मौत बताया है। पुलिस ने मामले में पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। बुधवार देर रात सोनू की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### देशी शराब ठेके से 26 पेटी चोरी

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के जैनापुर में एक देशी शराब ठेके से 26 पेटी शराब चोरी हो गई। चोरी की घटना के बाद, पुलिस को घटनास्थल से एक चेन बरामद हुई। बीते दिनों मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी आवश्यक नमूने एकत्र किए थे। देसी शराब ठेके के मालिक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले की विवेचना दरोगा आशुतोष को सौंपी गई है।

# गोकशी के आरोपी को मुठभेड़ में लगी गोली

## घायल अवस्था में किया गिरफ्तार, दो बाल अपचारी भी दबोचे, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध असलहा बरामद किये

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के भीखेपुर मोड़ के पास पुलिस ने गोकशी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की घेराबंदी होते देख आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। जबाव में पुलिस ने फायरिंग की, एक गोली आरोपी के पैर में जा लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को सीएचसी में भर्ती कराया है। साथ ही दो बाल अपचारी को भी दबोचा है। वहीं, एएसपी ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

एएसपी आलोक मिश्रा ने बताया कि गुरुवार देर रात पुलिस ने गोकशी के मुख्य आरोपी शोएब पुत्र कमरुद्दीन को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो बाल अपचारियों को भी पकड़ा है। 10 दिसंबर को गोकशी की सूचना पर थाना अजीतमल में गौवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद थाना अजीतमल, स्वॉट और सर्विलांस की संयुक्त टीम संदिग्धों की तलाश में जुटी थी। गुरुवार देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी दलेल नगर की ओर से मोटरसाइकिल पर आ रहे हैं। मदन ढाबा, भीखेपुर मोड़ के पास पुलिस ने घेराबंदी की।



घटनास्थल से बरामद बाइक। अमृत विचार



सीएचसी में घायल आरोपी से पूछताछ करते एएसपी आलोक मिश्रा। अमृत विचार

संदिग्ध अपाचे बाइक पर सवार तीन युवकों को रुकने का इशारा करने पर बाइक चालक तेजी से पीछे मुड़कर भागने लगा जिससे बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरा देख शोएब ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लगी। घायल तस्तर शोएब को सीएचसी अजीतमल ले जाया गया, जहां उसकी हालत सामान्य बताई गई है। मौके से एक अवैध असलहा, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस, एक बाइक, गड़ासा, छुरी और रस्सी बरामद की गई है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि शोएब पर गैंगस्टर, गौवध और 174ए सहित आधा दर्जन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि गौकशी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है और इस मामले में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# जाम में आए दिन घंटों फंसते हैं फफूंद के लोग

**संवाददाता, फफूंद (औरैया)**

- सुबह से शाम तक जाम के झाम में फंसते हैं वाहन, पैदल चलना भी मुश्किल

**अमृत विचार।** कस्बा में चमनगंज तिराहा पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। जिसमें व्यापारियों व राहगीरों को आये दिन फंसना पड़ता है। जाम लगने की मुख्य वजह व्यापारियों की ओर से किया गया अतिक्रमण भी है। सब कुछ जानकर भी प्रशासन अनजान बना हुआ है।

कस्बे के चमनगंज तिराहा में आए दिनों जाम की स्थित भयावह होती जा रही है। दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसका मुख्य कारण है कि कुछ छोटे बड़े व्यापारियों ने व्यावसायिक सामान को सड़क तक फैला रखा है। किसी ने तो सड़क तक बेंच व दुकानों का सामान बाहर तक लगा लिया है। कई दुकानों के सामने बाइकें भी खड़ी रहती हैं। रही कसर तो ऑटो चालक सवारियों के चक्कर में आड़े तिरछे ऑटो खड़ा करके जाम की समस्या पैदा करते हैं जिससे सड़कें सकरी हो गई हैं।

कस्बे के बुद्धजीवी लोगों ने मांग की है कि जो दुकानदार लोग अतिक्रमण किये हैं उनको तुरंत हटाया जाए और सख्त हिदायत दी जाए जिससे दोबारा से यह लोग अतिक्रमण न कर पाएं। अतिक्रमण की वजह से कई बार कस्बे में लगने वाले जाम में एंबुलेंस सेवा, स्कूल बस, पुलिस का वाहन आदि आपातकालीन वाहन आधे आधे घंटे के लिए फंस जाते हैं। जिससे कि आम जनमानस को तकलीफ का सामना करना पड़ता है। कस्बावासियों का कहना है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाए जिससे कि आम जनमानस को निजात मिल सके।

# 23वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए बाबू जी, मेधावी बच्चों को किया पुरस्कृत

**संवाददाता, बिधूना (औरैया)**

**अमृत विचार।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पांच बार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके स्वर्गीय गजेन्द्र सिंह की 23वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को कस्बा के गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके आदर्शों और सिद्धांतों को याद करते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इससे पूर्व स्वर्गीय सिंह की प्रतिमा के समक्ष हवन पूजन किया गया।

स्व. गजेन्द्र सिंह के छोटे पुत्र सेवानिवृत्त आईएएस मानवेन्द्र सिंह ने अपने पिता के विचारों को साझा करते हुए कहा कि बाबू जी हमेशा शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण मानते थे। उन्होंने कहा कि आगे विद्यालय के बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं उचित मार्गदर्शन मिले इसके लिए समर्पित रहूंगा, उन्होंने बाबूजी के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। उन्होंने अभिभावकों से मनचाही वसूली करने वाले निजी विद्यालयों पर भी निशाना साधा। कहा कि शिक्षण संस्थाएं समाज में ज्ञान के प्रकाश को फैलाने के लिए हैं न कि शोषण का जरिया है। स्व. सिंह की पुत्रवधू मंजू सिंह प्रदेश सहसंयोजक (बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ) ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने हमारे परिवार को जो स्नेह दिया है, वह अमूल्य है। बाबू जी के आदर्शों पर चलकर समाज की सेवा करना ही हमारा कर्तव्य है। पुत्रवधू रचना सिंह ने कहा कि बाबू जी के विचारों और सिद्धांतों को अपनाकर हम क्षेत्र के विकास में योगदान देंगे। इस अवसर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम में मेधावी और प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। गणेश ज्ञानार्थी, कुलदीप सिंह कुशवाह, राजेश प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



पुण्यतिथि के अवसर पर हवन-पूजन करते परिवार के सदस्य। अमृत विचार

# पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर हुआ कवि सम्मेलन

**संवाददाता, बिधूना (औरैया)**

**अमृत विचार।** पूर्व विधायक गजेंद्र सिंह मंत्री जी की 23वीं पुण्यतिथि पर कस्बा के श्री गजेंद्र सिंह पब्लिक इंटर कालेज में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

बिधूना में बुधवार की रात्रि हुए मानवेंद्र सिंह सेवा निवृत्त आईएएस, मंजू सिंह पूर्व सदस्य जिला पंचायत और पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने मां सरस्वती, एवं मंत्री जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ कराया। शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। कवियों ने अपनी कविताओं से देश की मौजूदा स्थिति, भ्रष्टाचार व आतंकवाद पर जमकर रचनाएं सुनाईं। श्रृंगार, ओज, हास्य और व्यंग के रंगों से सजी इस रात ने हर दिल को छू लिया। भोपाल से आए कवि लक्ष्मण नेपाली एवं दिल्ली से आये कवि प्रताप फौजदार ने अपने व्यंग और चुटकुले से लोगों को खूब गुदगुदाया। जहां लक्ष्मण नेपाली के 15 रुपए का धंधा, सीटी और डंडा ने सभी का खूब मनोरंजन किया तो वहीं प्रताप फौजदार के भारत में एमपी और एमएलए के वेतन और खर्चों पर किया गए व्यंग पर लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। मनीषा सक्सेना ने भी श्रृंगार के गीतों से लोगो का मन मोह लिया। प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश से आने वाली प्रीती पांडे ने पहले सरस्वती वंदना की फिर अपने सुरों से रात की शोभा शोभा बढ़ाते हुए श्रृंगार रस की धारा बहाई। उन्होंने लड़कियों को जाग्रत करते हुए आज कल पर बात जो टाले हुए है, दरअसल झांसों में वो डाले हुए है, चांद तारे तोड़ कर लाएंगे लड़के, लड़कियों तुमने वहम पाले हुए हैं एक शानदार कविता पढ़ी। रीवा से आए कवि अमित शुक्ला ने संचालन में अपनी कुशलता से दर्शकों को आनंदित किया।



काव्यपाठ करते कवि। अमृत विचार

उनका युवाओं को संबोधित करते हुए मां बाप के त्याग और बलिदानों पर किया गया काव्य पाठ की लोगो ने खूब सराहना की। मुम्बई की माया नगरी से आए प्रेम गीतों के बड़े कवि चंदन राय ने अंत में कवि सम्मेलन का समापन किया। उनका गीत भावनाओं को परिणाम मिल जाएगा और रिश्तों को एक नाम मिल जाएगा, अरे मेरी चोटों को होठों से छू दो प्रिये, मेरी पीड़ा को आराम मिल जाएगा और बाद करने के चंदन जो मुझको मिले स्वर्ग ऐसा में पाना नहीं चाहता जो मेरे पास आना नहीं चाहता मैं भी उसको बुलाना नहीं चाहता जैसी कविताएं पढ़ कर कवि सम्मेलन का समापन किया।

कार्यक्रम संयोजिका मंजू सिंह ने सभी कवियों और अतिथियों का बैज अलंकरण एवं शाल ओढ़ा कर स्वागत किया और सेवा निवृत्त आईएएस मानवेंद्र सिंह ने सभी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान शिव प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, अखिलेश सिंह, शरद राना ब्लॉक प्रमुख अछल्दा, आदर्श ठाकुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिधूना, राघव मिश्रा चेयरमैन दिबियापुर, व्योमेश सिंह सेंगर, नीरज सेंगर, संदीप सिंह, गोविंद प्रताप सिंह, हेमंत प्रताप सिंह, राहुल भदौरिया, श्रेयांश प्रताप सिंह, हिमांश वर्धन आदि लोग मौजूद रहे।

# आरोग्य शिविर में 165 मरीजों को दी दवा

**संवाददाता, फफूंद (औरैया)**

- आरोग्य शिविर में अन्नप्राशन और गोदभराई करते प्रधान, सचिव एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकत्री

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अच्छी चिकित्सा और अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार के निर्देशों के तहत ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत खगीपुर में आरोग्य शिविर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित कीं। वहीं, पंचायत सचिव ने सरकारी योजनाओं से संबंधित ग्रामीणों के कार्य भी किए, आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

मंगलवार को क्षेत्र के गांव खगीपुर में आरोग्य शिविर मेले का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान राजेश तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरोग्य शिविर लगाए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता को इसका पूरा लाभ मिल सके। इसके साथ ही स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का भी बेहतर उपचार हो सके। इस दौरान पंचायत सचिव नंदराज और पंचायत सहायक मोहिनी राठौर ने पात्र ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की कागजी कार्यवाही भी पूरी कराई। शिविर मे मौजूद आयुर्वेदिक और एलोपैथिक डॉक्टरों की टीम ने आसपास के गावों से आये खांसी, जुकाम, बुखार, खुजली, बीपी, शुगर आदि के 165 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवा वितरित की, तीन ग्रामीण के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। शिविर में अपनी मां लक्ष्मी के साथ पहुंचे बच्चे रामजी को ग्राम प्रधान ने अन्नप्राशन कराया वहीं आशाओं और आंगनवाड़ी कर्मियों ने गर्भवती महिला रश्मि की गोदभराई की। स्वास्थ्य टीम में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्रह्मनगर औरैया की चिकित्सा अधिकारी डॉ.शालिनी राजपूत, स्वास्थ्य केंद्र फफूंद के फार्मासिस्ट सत्येंद्र पांडे, सुपरवाइजर ममता दीक्षित, एलटी नागेंद्र सहित तमाम स्वास्थ्यकर्मी एएनएम और आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री मौजूद रहीं।



मरीजों को दवाएं वितरित करते चिकित्सक। अमृत विचार

# पेड़ पर लटका मिला युवती का शव

**दिबियापुर (औरैया)।** गुरुवार सुबह नहर कोठी की बाउंड्री के बाहर खड़े एक शीशम के पेड़ पर एक युवती का शव मफलर से लटका मिला।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर चिचोली स्थित मोर्चरी भेज दिया गया। युवती की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 22 वर्ष प्रतीत हो रही है। वह हरी साड़ी पहने थी, पैरों में सैंडल थे और गले में काले रंग का धागा पड़ा हुआ था। उसके पास से कोई पहचान बताने वाला सामान नहीं मिला है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। कुछ लोगों ने आशंका जताई कि युवती को कहीं और से लाकर यहां फांसी पर लटकाया गया होगा।



कुल की महफिल में नजर पेश करते सैयद मुजफ्फर चिश्ती। अमृत विचार

# कुल की फातिहा के साथ हाफिजे बुखारी के उर्स का हुआ समापन

**संवाददाता, फफूंद (औरैया)**

**अमृत विचार।** नगर स्थित खानकाह आस्ताना आलिया समदिया में चल रहे हाफिजे बुखारी के 124वें सालाना उर्स का समापन गुरुवार सुबह फजर की नमाज से पहले कुल की फातिहा के साथ हो गया।

नमाज के बाद अकीदतमंद अपने अपने घरों को रवाना हो गए। उर्स में तीन दिन तक देश के विभिन्न राज्यों से हजारों संख्या में जायरीन दरगाह पहुंचते रहे। दरगाह पर हाजिरी देकर फातिहा पढ़ी और अपनी अपनी मुरादें मांगी।

बुधवार को पूरी रात नगर में एक अजीब रौनक देखने को मिली। वहीं नगर के लोगों की ओर से नगर में जगह-जगह जायरीनों के लिए खाने पीने व चिश्ती लंगर का खास इंतजाम किया गया। नगर की खानकाह आस्ताना आलिया समदिया में चल रहे तीन दिवसीय उर्स हुजूर हाफिजे बुखारी के अंतिम दिन बुधवार को दिनभर व रात भर दरगाह परिसर में कार्यक्रम जारी रहे। बुधवार को उर्स के तीसरे दिन असर की नमाज के बाद हुजूर ख्वाजा बंदा नवाज सैयद शाह मिसबाहुल हसन चिश्ती के कुल शरीफ की महफिल व फातिहा हुई



दरगाह में मौजूद मुरीदों की भीड़। अमृत विचार

- उर्स के आखिरी दिन दरगाह में देर रात तक आते रहे हजारों की संख्या में जायरीन
- मेहमानों के लिए नगर में जगह-जगह हुआ खाने पीने का इंतजाम

जिसमें हजारों की संख्या में मुरीदों ने शिरकत की। मगरिब की नमाज के बाद मेहमानों को लंगर खिलाकर ईशा की नमाज के बाद महफिले सिमा हुई। महफिले सिमा के बाद हजरत मो. सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के कदम पाक शरीफ के जुलूस की महफिल हुई। इसके बाद सुबह चार बजे हुजूर हफिजे बुखारी ख्वाजा बेकस नवाज सैयद शाह अब्दुस्समद चिश्ती के कुल शरीफ की महफिल व फातिहा के साथ 124वें उर्स हाफिजे बुखारी का समापन हुआ। कुल की फातिहा में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने शामिल होकर नेकियां हासिल की। गुरुवार सुबह फजर की नमाज पढ़ने के बाद अकीदतमंद अपने-अपने घरों को रुखसत होने लगे। नगर के लोगों ने अपने-अपने घरों में मेहमानों के ठहराने का इंतजाम किया।। खानकाह के सज्जादा नशीन सैयद अख्तर मियां चिश्ती व खानकाह के तमाम मियां हजरात ने उर्स के दौरान मेहमानों के लिए खाने-पीने और रुकने की तमाम व्यवस्थाएं करने वाले नगर के लोगों तथा नगर पंचायत का शुक्रिया अदा करते हुए उन्हें मुबारकबाद पेश की है।

सामूहिक विवाह

## 314 जोड़ों को हिंदू रीति रिवाज से तथा 03 जोड़ों का निकाह पढ़ाकर एक दूसरे का जीवन साथी बनाया

# तिरंगा मैदान में 317 जोडों ने थामा एक दूसरे का हाथ

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत जनपद में ककोर स्थित तिरंगा मैदान में कुल 317 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे। उक्त अवसर पर 314 जोड़ों को हिंदू रीति रिवाज से तथा 03 जोड़ों का निकाह पढ़ाकर एक दूसरे का जीवन साथी बनाया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की सामूहिक विवाह योजना महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें गरीब एवं असहाय परिवार की बेटियों की शादी धूमधाम से कराई जाती है। जिससे उन्हें यह महसूस न हो कि वह गरीब परिवार की बेटियां हैं और अभिभावक के ऊपर बोझ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों के हितार्थ शिक्षा और रोजगार तक आगे बढ़ाने के लिए योजनाओं का लाभ बेटियों को दे रही है। उन्होंने नव दम्पति को वस्त्र व उपहार आदि भेंट करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सर्वेश कठेरिया ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों की धूमधाम से शादी करने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं। जिससे उनको यह महसूस न हो कि वह गरीब हैं। सरकार द्वारा शादी के दौरान भेंट स्वरूप कन्या के बैंक खाते में धनराशि जमा की जाती है और दाम्पत्य जीवन तथा गृहस्थी के उपयोग में आने वाली वस्तुऐं यथा पायल, बिछिया, वस्त्र, बर्तन आदि दिये जाते हैं, साथ ही वर वधू पक्ष के लोगों को ससम्मान भोजन आदि की व्यवस्था की जाती है। जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने नवदम्पतियों को नव दाम्पत्य जीवन की बधाई देते हुए कहा कि आज का आयोजन सिर्फ आयोजन नहीं है बल्कि सामाजिक समरसता एवं एकता का प्रतीक है क्योंकि यहां पर विभिन्न धर्मों तथा वर्गों के लोगों का पाणिग्रहण संस्कार एक साथ होता है।



कार्यक्रम के दौरान कतार में मौजूद नव दंपत्ति। अमृत विचार

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अविनाश चंद्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नीरज प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अनूप गुप्ता, अध्यक्ष नगर पंचायत दिबियापुर राघव मिश्रा, ब्लाक प्रमुख अजीतमल रजनीश पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक व शादी के जोड़ों के अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक पर युवती को भगाने का आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** घर से शादी में देने के लिए गिफ्ट खरीदने की बात कहकर निकली युवती रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। जिस पर पुलिस ने पहले से परिचित युवक पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते आठ दिसंबर को उसकी लड़की एक शादी में देने के लिए गिफ्ट लेने की बात कहकर कस्बे गई थी। लेकिन वहां से गायब हो गई। पीड़ित ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि उसकी पुत्री को पहले से परिचित भमौरा निवासी अलीम खां पुत्र हबीब खां जिसका अक्सर उनके घर आना जाना था, बहला फुसला कर कहीं ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक खाई में गिरी, दो छात्र घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** मौदहा के मकरावं से परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों की तेज रफ्तार बाइक हाईवे में चंदपुरवा गेट के समीप अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी इस घटना में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों छात्रों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर दोनों को हमीरपुर रेफर किया गया है। कस्बा निवासी अभय सिंह एवं अर्पित बीए की परीक्षा देने मौदहा के मकरांव में सुंदरलाल डिग्री कॉलेज गए थे। दोपहर में दोनों बाइक से वापस कस्बे में आ रहे थे। तेज रफ्तार बाइक चंदपुरवा गेट के समीप अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस घटना में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### 15 परिवारों के नाम मतदाता सूची से गायब

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत विदोखर पुरई के डेढ़ दर्जन परिवारों के नाम मतदाता सूची में गायब होने से ग्रामीण परेशान है। साथ ही बीएलओ हलाकान हो रहे हैं। विदोखर पुरई निवासी शिवनाथ सविता, उदयभान यादव, उस्मान खान, गनी खान, चंद्रपाल सविता आदि ने बताया कि हम सभी 2003 में मतदाता थे और प्रत्येक चुनाव में मतदान करते रहें हैं एसआईआर के लिए बीएलओ को दी गई मतदाता सूची में उनके परिवार के सभी नाम गायब है। इस वजह से वह लोग मतदाता फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। बीएल ओ वीरपाल ने बताया कि डेढ़ दर्जन परिवारों के नाम मतदाता सूची में नहीं मिल रहे है।

### विस के 899 मतदेय स्थलों पर बैठक आज

**हमीरपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजय शंकर तिवारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के एसआईआर दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय लखनऊ द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में 12 दिसंबर को 899 मतदेय स्थलों पर बीएलए के साथ 10 बजे से बैठक होगी। बैठक में एसआईआर की गणना अवधि में चिह्नित किए गए अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टेड मतदाताओं की सूची बूथ लेवल अधिकारियों से पुष्टि कराई जाएगी। साथ ही बीएलओ द्वारा बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। राजनीतिक दलों से बैठक में प्रतिभाग की अपील की गई।





घटनास्थल पर रोते-बिलखते परिजन, प्लांट में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

# मिक्चर मशीन में फंसकर मजदूर की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

## पुलिस ने प्लांट बंद कराया, 4 साल पहले इसी प्लांट के बाहर मजदूर के छोटे भाई का मिला था शव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्लांट में लगे मिक्सर मशीन में काम करते समय मजदूर की गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। घटना के बाद प्लांट के सभी कर्मचारी मौके से फरार हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही प्लांट में भारी पुलिसबल पहुंचा। मौके पर पहुंचे नगर पालिका चेयरमैन के आश्वासन के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- **गुरुवार सुबह दस बजे के करीब हुआ हादसा**

सदर कोतवाली क्षेत्र के कुछेछा मोहल्ला निवासी बब्बू निषाद (40) पुत्र बैजनाथ बीते छह सालों से कुछेछा के एआरटीओ कार्यालय के पास संचालित साईं इंफ्रा कंस्ट्रक्शन में मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार सुबह वह रोजाना की तरह सुबह दस बजे प्लांट पहुंचा। जहां उसने काम करना शुरू किया। बब्बू ने जैसे ही मिक्सर मसीन में सीमेंट की बोरी डाली। वैसे ही वह असंतुलित होकर मशीन के अंदर गिरकर फंस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में मिक्चर मशीन में फंसने से बब्बू का क्षतविक्षत हो गया।

**परिजन बोले, प्लांट में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे**

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर राजेश कमल, सदर कोतवाली के भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे। लेकिन परिजनों ने शव को उठाने नहीं दिया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को मुआवजा दिलाने व न्याय दिलाने के साथ प्लांट मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का आशवासन दिया। जिसके बाद परिजनों ने शव उठाने दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मजदूर के बड़े भाई श्याम सुन्दर ने बताया कि वह छह भाइयों में तीसरे नंबर का था। बताया कि चार साल पहले चौथे नंबर के भाई उमाशंकर का शव भी इसी प्लांट के बाहर मिला था।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**सरीला(हमीरपुर)।** जरिया थानाक्षेत्र के राठ उरई मार्ग पर अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में बाइक सवार डिवाइडर से टकराकर घायल हो गया। जबकि दूसरी घटना में चुरहा स्थित विद्यालय में पेपर देकर लौट रहे पिता पुत्र की बाइक की दूसरे वाहन से टक्कर हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी गोहांड में भर्ती कराया गया है।

राठ थानाक्षेत्र के अकौना गांव निवासी कपिल (17) पुत्र प्रेमचन्द बाइक से राठ किसी काम से जा रहा था। तभी गोहांड तिराहे के आगे पेट्रोल पंप के पास बाइक सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी गोहांड में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। वहीं दूसरे बाइक सवार अमूंद गांव निवासी सुरेश (42) पुत्र पन्नालाल अपने बेटे युवराज (18) को पेपर दिलाने चुरहा गांव के विद्यालय गया था। पेपर देकर वापस लौटते समय राठ उरई मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें भी गोहांड सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# बाइकों की भिड़ंत में महिलाओं सहित छह लोग हुए घायल, भर्ती

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** परीक्षा देकर अपने घर लौट रहे बाइक सवार युवकों की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से सभी को गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी दीपक (22) पुत्र बच्चीलाल, लक्ष्मी (20) पुत्री अमरनाथ, रजनी (40) पत्नी अमरनाथ बाइक से एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। जबकि दूसरी ओर कुनेहटा निवासी अर्जुन (18) पुत्र राजेंद्र और सुरौली निवासी संजीव (19) पुत्र राजू यादव और योगेश (20) बिगहना स्थित महाविद्यालय से सेमेस्टर परीक्षा देकर लौट रहे थे। तभी बिगहना और कुनेहटा के बीच दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें सभी घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से सभी घायलों को गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं लगाया था, जबकि सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### चार पहिया वाहनों की टक्कर में पांच घायल

- **बिवांर।** गुरुवार दोपहर बिवांर हमीरपुर रोड पर दो चार पहिया वाहनों की टक्कर हो गई। जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को छानी सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोपहर 12 बजे हमीरपुर राठ रोड में कस्बे से कुछ दूर पर दो चार पहिया वाहनों की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें एक गाड़ी में सवार पुनीत (30) पुत्र अश्वनी अवस्थी निवासी कोतवाली नगर हमीरपुर, सत्यम गुप्ता (32) निवासी कानपुर नगर और दूसरी गाड़ी में सवार रविंद्र कुमार (36) पुत्र परशुराम निवासी ग्राम दादरी जिला महोबा तथा मनोज कुमार (48) पुत्र अंबिका प्रसाद चकेरी कानपुर नगर हाल निवासी विकास भवन हमीरपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना पुलिस ने सभी घायलों को छानी सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# दंगल में पहले दिन 33 कुश्तियां

संवाददाता, गोहांड (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में दो दिवसीय दंगल स्व.महंत जगदीश पुरी की पुण्य स्मृति में हुआ। जिसमें 33 कुश्तियां कराई गई। दंगल का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता राजपूत ने किया।

कस्बे में हर साल की तरह पांच दिवसीय वार्षिक मेले में दो दिन दंगल का आयोजन किया जाता है। गुरुवार को दंगल के पहले दिन देश प्रदेश के नामी-गिरामी पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों में जोश भर दिया।

पहले दिन 33 कुश्तियां हुईं। जिसमें 15 हजार रुपये के इनामी पहलवानों की कुश्ती दंगल का मुख्य केंद्र रही। दंगल में सत्येंद्र राजपूत, चंद्रवती, केके राजपूत प्रधान कुसमिलिया जालौन, अवधकिशोर राजपूत बड़ाखरका, धर्मपाल राजपूत मंडल उपाध्यक्ष गोहांड/जिला प्रतिनिधि प्रताप सिंह राजपूत आदि रहे।



पहलवानों के हाथ मिलवातीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता राजपूत। अमृत विचार

## नशे में चूर सिपाही का वीडियो वायरल

**हमीरपुर।** एक माह में दूसरी बार नशे में चूर सिपाही का सड़क पर सोते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कलेक्ट्रेट गेट के सामने गुरुवार की दोपहर सदर हवालात में तैनात सिपाही का नशे में चूर होकर सड़क के किनारे सोते का वीडियो वायरल हुआ है। स्थानीय लोगों ने सिपाही का सोते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। सिपाही का वीडियो वायरल होते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। उसे कोतवाली की गाड़ी में लादकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया।

# जीवन का लक्ष्य मोक्ष का मार्ग खोजना होना चाहिए : आत्मानंद

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में रामकथा के छठवें दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि महाराज ने कहा कि जीवन का लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति का साधन ढूंढना होना चाहिए यह राम नाम से स्मरण से ही संभव होता है।

रामकथा के छठवें दिन कथा व्यास ने कहा कि पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है जबकि हमारे देश में देवी देवता ही 33 करोड़ है जब हमारे देवता ही उनसे अधिक हैं तब पाक हमारा क्या बिगाड़ पाएगा। उन्होंने कहा कि राम नाम जप से मनुष्य भवसागर पार कर लेता है परमात्मा की नाव सागर को पार करा देती है। कलयुग में मोक्ष का साधन केवल प्रभु का नाम है। मनुष्य का शरीर पंचतत्वों से बना है। इस दौरान कथा के परीक्षित बिंदा साहू, दुर्गा साहू, कृष्णा शुक्ला, उषा द्विवेदी, भूरी परिहार आदि मौजूद रहे।



श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में रामकथा का श्रवण करते महिला-पुरुष। अमृत विचार



स्थान पाने वाले छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य। अमृत विचार

## केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का आयोजन

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे में स्थित केन्द्रीय विद्यालय में तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजमंगल यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया।

कार्यक्रम प्रभारी पीबी रावत ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें जिग जैग रेस, फ्रॉग रेस, रिले रेस, थ्रो बॉल जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल की गयीं।प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत करते हुये खेलों की महत्ता और खेलों का दैनिक जीवन में उपयोगिता और निरोगी काया के प्रति आवश्यकता की जानकारी दी गई। प्राचार्य राजमंगल यादव ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर बधाई दी।

# भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सुमेरपुर विकासखंड के पौथिया गांव स्थित झाड़ू बाबा मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत के पहले दिन कलश शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। झाड़ू बाबा मंदिर से शोभायात्रा ब्रह्मदेव बाबा मंदिर, हनुमान मंदिर, आसामाई मंदिर बाबा ध्यानी दास आश्रम, बड़ी देवी मंदिर, शिवाला मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए महिलाएं सिर पर कलश रखे बेतवा नदी पहुंचीं।

वहां हवन पूजन के बाद कलश में जल भरकर झाड़ू बाबा मंदिर पहुंचे। शोभायात्रा में घोड़े सहित विभिन्न प्रकार की झांकियां बैंड बाजों डीजे के धुन में नवयुवक थिरकते हुए चल रहे थे। वहीं जय श्रीराम के जयघोष भी लगाए गए। शोभायात्रा में ललपुरा पुलिस ने वाहनों को ध्यान में रखते हुए भरपूर सहयोग किया। शुक्रवार से गुरुकुल हरिद्वार से पधारी कथा वाचक नीलम ज्योति शास्त्री कथा का शुभारंभ करेंगी। कथा समाप्ति के बाद 19 दिसंबर को भंडारा एवं मेला का आयोजन होगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान वंदना सचान, प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान एडवोकेट, लल्लू महाराज, ब्रह्मदेव दीक्षित, बीर सिंह निषाद, शिवकुमार निषाद, सुरजपाल, बेबी सचान, योगेश सचान, बब्बी प्रजापति, शिवराम श्रीवास, सिपाही लाल निषाद, जगदीश सचान, गयादीन सिंह, भीखम सिंह सहित समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# पांच लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक को मोबाइल चोरी के आरोप में दबंगों द्वारा बंधक बनाकर मारपीट की गई है। इस मामले में पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव घटना निवासी श्याम सुंदर कुशवाहा पुत्र लल्लू ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह खेतों में पानी लगा रहा था तभी गांव के ही अंकित सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, अवधेश सिंह पुत्र शिवबरन सिंह, बिमल सिंह पुत्र लाला भाई, गैताली पुत्र शिवबरन सिंह एवं बबलू सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ने गाली गलौज करते हुए उसे घसीटते हुए बंधक बनाकर मारपीट की है। वहीं इस घटना को लेकर चर्चा है कि आरोपी युवक ने मोबाइल चोरी की थी जिसको लेकर इसके साथ में मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। कोतवाली पुलिस ने इस पूरे मामले में आरोपी पक्ष के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

### घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट

- **मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के गुसियारी गांव में घर में घुसकर महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में पीड़िता ने दो लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। गुसियारी गांव निवासी एवं हाल मुकाम छत्तीसगढ़ दुर्ग की कनीज फातिमा पत्नी मुसीम खान ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि अपनी पुत्री शिफा फातिमा का निकाह बांदा के मोहल्ला जरैली कोठी निवासी से 17 नवंबर 2023 को किया था। बीते 9 नवंबर को वह व उसकी पुत्री शिफा अपने घर में थी। तभी पुत्री का देवर व उसके मामा का लड़का हाथों में तमंचा लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**कार्यक्रम** | **ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नृत्य नाटिका ने जमकर वाहवाही लूटी**

# वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां देकर मन मोहा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सेठ छोटेलाल किड्स एकेडमी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों व गणमान्य नागरिकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि विधायक मनीषा अनुरागी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया एवं विद्यालय के संस्थापक डॉ.राम गोपाल गुप्ता, अध्यक्ष केजी अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई।

सर्वप्रथम छात्रा नित्या सिंह, लवीना, उर्वशी, यानवी, राधिका, प्रतिष्ठा, वर्णिका, तान्या आदि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद एलकेजी व यूकेजी के छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। भक्ति भावना से ओत प्रोत भक्त प्रहलाद पर आधारित नाटक की सजीव प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों अभिभावकों का मनमोह लिया। इसके बाद बाबूराव एक्ट सांग पेश किया गया। इस फनी डांस हास्य प्रस्तुति ने दर्शकों को खूब गुदगुदी की। राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत प्रोत पहलगाम की घटना और ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नृत्य नाटिका तलवारों पर सर वार दिए की प्रस्तुति सम्राट, दिया, सूर्यांश, अवनी, अर्पिता, अंशिका, अनुष्का, भूमि, इवांशी आदि ने दी।

इसके साथ ही नन्हे मुन्हें बच्चों ने पंजाबी डांस व राजस्थानी नृत्य के बेहतरीन प्रस्तुति दी। जिसमें छात्र-छात्राओं की वेशभूषा शानदार रही। सीनियर छात्राएं श्रेयांशी, रिश्ता, प्रतीक्षा, पलक आदि ने मिक्स सांग पर नृत्य किया एवं बंगाली सांग पर प्रिंसी, प्राची, श्रेया, गुनी, अनन्या, दिव्या, कनिका, गुंजोत, शबी, यशी आदि ने रोशनी का दरिया, बंगाली सॉन्ग, सूफी डांस व मां दुर्गा पर आधारित डांस प्रस्तुत किया। छात्राओं की प्रस्तुतियां को दर्शकों व अभिभावकों ने खूब सराहा।

एकेडमी की हेडमिस्ट्रेस श्वेता अग्रवाल ने सभी अतिथियों अभिभावकों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रमोद बजाज, विद्यालय के कोषाध्यक्ष हरि प्रकाश गुप्ता, संस्था के मैनेजर धीरेंद्र श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।







दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतीं सीनियर वर्ग की छात्राएं। अमृत विचार

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जवान सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के टिकरौली गांव के मिनी स्टेडियम में गुरुवार को प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) का 77 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में आयोजित आकर्षक परेड में विभिन्न ब्लॉकों की टोलियों ने अनुशासन और दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी नेहा सोनी ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जवानों को सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि पीआरडी जवान सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अपनी भूमिका निभाते हैं। उनकी सतर्कता, अनुशासन और तत्परता इस दल की पहचान है। उन्होंने स्थापना दिवस पर उनके योगदान को सराहा। परेड प्रतियोगिता में भीषम सिंह ब्लॉक सरीला की टोली प्रथम स्थान पर रही, जबकि टोली नंबर दो को सर्वश्रेष्ठ टोली घोषित किया गया। टोली के जवान माताप्रसाद, अजय, आशीष, शैलेंद्र सहित 14 जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टोली नंबर दो के कमांडर अनिरुद्ध को सर्वश्रेष्ठ कमांडर चुना गया। कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी नेहा सोनी ने कुरारा ब्लॉक के पीआरडी जवान राकेश को उनके घर में हुए अग्निकांड से हुई क्षति पर 5100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उनके इस मानवीय कदम की सराहना की गयी। नेहा सोनी ने कहा पीआरडी जवान सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। चाहे सुरक्षा व्यवस्था हो, आपदा प्रबंधन हो या जनसेवा पीआरडी दल हर परिस्थिति में तत्परता और निष्ठा से प्रशासन का सहयोग करता है। जवानों का अनुशासन सबसे बड़ी शक्ति है।

- **पीआरडी का 77 वां स्थापना दिवस मनाया गया**



पीआरडी जवान को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### पेयजल समस्या से निजात की मांग

**महोबा।** विकासखंड कबरई के खन्ना गांव क्षेत्र में लगातार कई माह से पेयजल समस्या बनी हुई है, बावजूद इसके संबंधित अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस समस्या को लेकर बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए पेयजल समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग उठाई है। बसपा जिलाध्यक्ष ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि खन्ना गांव में लगातार कई माह से पेयजल का संकट बना हुआ है और इस संबंध में ग्रामीणों ने अनेकों बार उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं किया गया। बताया कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी पेयजल योजना का ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### पति पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी रानी पत्नी कमलेश अनुरागी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया की खेती के न होने पर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती है। पति शराब पीने का आदी है, शराब के नशे में मारपीट करता चला आ रहा है। पति ने घर के दरवाजे व कमरे का ताला तोड़ कर रखे गेहूं को बेच दिया है। पुत्री शालिनी के कहने पर अभद्रता करते हुए मारपीट की। बचाव करने पर दोनों के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया है। महिला ने पति के खिलाफ तहरीर दी है। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई।

### करंट की चपेट में आने से महिला अचेत

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा के वार्ड नंबर 6 में करंट की चपेट मे आने से 35 वर्षीय महिला अचेत होकर जमीन मे गिर गई। जिसे परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है। कस्बा के वार्ड 6 में बुधवार की रात्रि 7 बजे करंट की चपेट में आने से प्रीति (35) पत्नी हरी चरन अचेत होकर गिर गई। जैसे ही परिजनों ने देखा तो उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लाए। जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है।

# सिंचाई विभाग निर्माण खंड के कार्यों की प्रगति पर डीएम ने जताया असंतोष

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

● सीएम डैशबोर्ड कार्यों की जिलाधिकारी ने बैठक कर की समीक्षा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरुवार को सीएमआईएस पोर्टल के माध्यम से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित 1 करोड़ से ऊपर के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा के अन्दर कार्य करते हुए, प्रगति रिपोर्ट सीएमआईएस पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से प्रगति कार्यों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में डीएम ने प्रोजेक्ट मैनेजर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को निर्माणाधीन कार्य गोरखगिरी पर्वत के पर्यटन विकास कार्य को संबंधित विभाग को हैंडओवर करने व सिंचाई विभाग निर्माण खंड कर्वी के कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश देते हुए सिंचाई निर्माण खंड कर्वी के कार्यों की जांच के लिए मुख्य अभियंता को पत्र जारी कराएं। जिलाधिकारी नें सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जिन कार्यों की भौतिक प्रगति 90 प्रतिशत से अधिक है, उन कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कर संबंधित विभाग को हैंडओवर करना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन विभाग द्वारा निर्माणाधीन तीन बिजली घरों के कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं कार्य की धीमी प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए गए साथ ही जल निगम नगरीय के तीन कार्य में से खरेला वाटर सप्लाई की धीमी प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, जिला पंचायती राज अधिकारी चन्द्रकिशोर वर्मा, डीएसटीओ सादुलउल्लाह सहित सभी सम्बंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# शादी कर आईं महिलाओं के नहीं मिल रहे ईपीआईसी

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



बूथ पर लगा एसआईआर शिविर। अमृत विचार

● दिन रात चल रहा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य

**अमृत विचार।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत भरे जा रहे एसआईआर फार्म में सबसे ज्यादा दिक्कत उड़ीसा और झारखंड से शादी करके लाई गई महिलाओं को हो रही है। उनके माता-पिता का ईपीआईसी नंबर नहीं मिल पा रहा है और न ही उनका 2003 की वोटर लिस्ट में नाम मिल रहा है, जिससे परिजन एसआईआर के लिए खासा परेशान हैं। इतना ही नहीं तमाम लोग मताधिकार से वंचित होने के डर से महानगरों में काम कर रहे लोग घर लौट कर फार्म भरने में जुटे हैं।

गौरतलब है कि एसआईआर फार्म अधिक से अधिक भरवाए जाने के चलते जिला प्रशासन ने बीएलओ के अलावा सहायक बीएलओ के रूप में शिक्षामित्रों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, अनुदेशकों और तमाम पंचायत सचिवों को लगाया गया है। इससे बीएलओ को एसआईआर कार्य में लोड न पड़े और समय से कार्य पूरा हो सके। बीएलओ को सहायक के रूप में तमाम कर्मचारी मिलने से अब एसआईआर कार्य भी तेज गति से चल रहा है, लेकिन जिले के अनुपस्थित मतदाताओं को बीएलओ खोज नहीं पा रहे हैं, जिससे बीएलओ की टीम खासा परेशान हैं। करीब एक माह से जिले में चल रहे एसआईआर फार्म भरने के कार्य के बाद भी अभी तक 50 हजार से अधिक मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है।

जबकि 34,633 मतदाता शिफ्टटेड पाए गए। बीएलओ इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। दिन में एसआईआर फार्म एकत्र करने के बाद रात में उनकी आनलाइन फीडिंग की जा रही है। बीएलओ की टीम सारे कामकाज छोड़कर सिर्फ मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में ध्यान दे रही है।

# बाइक सवार को रौंदकर निकली कार, मौके पर ही थम गईं सांसें

## घटना के बाद अनियंत्रित कार ने एक अन्य राहगीर को भी मारी टक्कर, रेफर

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



रेफर करने से पूर्व घायल युवक का जिला अस्पताल में उपचार करते डॉक्टर।

● झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुलपहाड़ के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुलपहाड़ के समीप बुधवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अनियंत्रित कार ने आगे जाकर सड़क पर जा रहे ग्रामीण को भी टक्कर मारकर घायल कर फरार हो गया। राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए घटना की जांच की।

कस्बा पनवाड़ी निवासी कामता प्रसाद कुशवाहा (50) बाइक पर सवार होकर कुलपहाड़ किसी कार्य से गया था। काम निपटने के बाद देर रात बाइक पर सवार वापस घर जा रहा था, तभी कोतवाली कुलपहाड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग के द्वासी तिराहे के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी और कार का पहिया बाइक सवार के ऊपर चढ़ गया, जिससे कामता प्रसाद की घटना स्थल पर ही मौत हो गई साथ ही बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक घबरा गया और तेज गति से कार लेकर जाने लगा कुछ दूरी पर पहुंचते ही सड़क किनारे जा रहे भरत सिंह (35) को चपेट में लेते हुए भाग निकला।

दुर्घटना से एक मौत और एक ग्रामीण के घायल होन पर राहगीरों ने आनन-फानन में एम्बुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही कार चालक की तलाश शुरू कर दी। अधेड़ की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। उधर दुर्घटना में घायल हुए भरत सिंह की हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है।

# ओशो का ध्यान ऐसी दवा जिससे मन के सभी विकार होते दूर

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



कार्यक्रम के दौरान लाल वस्त्र धारण कर खड़े भक्त। अमृत विचार

● संत ओशो के जन्मोत्सव पर गोरखगिरि पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** क्रांतिकारी संत ओशो का 94वां जन्मोत्सव गुरुवार को गोरखगिरि पर्वत के सिद्ध बाबा मंदिर के पीछे मकुइया प्वाइंट पर मनाया गया। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने ओशो के जीवन पर प्रकाश डाला।

कहा कि ओशो से प्रभावित होकर सन् 2000 में उन्होंने जबलपुर स्थित आश्रम में संन्यास लिया था, तभी उन्हें स्वामी अंतर्यात्री नाम मिला। कहा कि हमने बाहरी जगत का विकास तो बहुत कर लिया लेकिन आंतरिक जगत के विकास पर ध्यान नहीं दिया। इसीलिए मन विकारों से भरा हुआ है और हर तरफ अशांति है। उन्होंने ओशो ने ध्यान को ऐसी दवा बताया जिससे मन के सभी विकार दूर हो जाते हैं और असली सुख समृद्धि हासिल होती है। उन्होंने दुनिया को ध्यान की 112 विधियों का तोहफा दिया लेकिन हम इस बेशकीमती तोहफे का लाभ अभी तक नहीं उठा पाए। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन ने बताया कि ओशो का जन्म 1931 में मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के कुचवाड़ा में बाबूलाल व सरस्वती जैन के घर हुआ। वे तेरापंथी दिगंबर जैन थे।

उन्होंने बताया कि ओशो ने सागर विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र में परास्नातक डिग्री लेने के बाद जबलपुर विश्वविद्यालय में प्रवक्ता हो गये, उसके बाद उनकी क्रांतिकारी आध्यात्मिक यात्रा शुरू हुई जो आज पूरी दुनिया में ज्ञान और ध्यान योग का प्रचार प्रसार कर रही है। इस मौके पर नीरज, अन्नू पुरवार, प्रेम, प्रवीण चौरसिया, अवधेश गुप्ता, गया प्रसाद कोस्टा, देवेन्द्र पुरवार, सिद्धे सेन, अच्छे लाल, चंद्रकांत, सुधीर आदि रहे।

# आधा दर्जन स्कूलों में आयोजित की गई पोस्टर स्पर्धा, विजेता सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



प्रतियोगिता के दौरान पोस्टर दिखाते प्रतिभागी।

**अमृत विचार।** तहसील चरखारी क्षेत्र के आधा दर्जन ग्राम पंचायतों के विद्यालयों में लोकपथ ट्रस्ट के नेतृत्व में जन जागरूकता अभियान के तहत किशोरियों की पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागी किशोरियों ने बाल विवाह, घरेलू हिंसा, जल संरक्षण आदि महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर पोस्टर बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। पोस्टर बनाने के बाद निर्णायक मंडल के लोगों ने सभी की कला का अवलोकन किया और विजयी प्रतियोगियों के नाम घोषित कर उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। लवली, शिवम, कोमल सहित अन्य प्रतिभागियों ने अपने विद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर वक्ताओं ने सामाजिक मुद्दों के प्रति अपने विचार किए।

ब्लाक चरखारी के सोहजना, नौसारा, इमिलिया डांग, फतेहपुर, अस्थौन और लुहारी ग्राम पंचायतों के विद्यालयों में किशोरियों के साथ एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बाल विवाह, घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण आदि विषय पर आधारित प्रतिभागियों ने पोस्टर तैयार कर उन्हें रंगों से सजाया। सभी विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता में करीब 75 किशोरियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में इमिलिया डांग से लवली, अस्थौन से शिवम, रोशनपुरा से कोमल, लुहारी से उपासना और फतेहपुर से अनुष्का ने अपने अपने विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालयों के सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया।

ट्रस्ट के दीपक कुमार सिंह ने किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि लिंग भेद जैसी बुराई को खत्म करने के लिए शिक्षा, जागरूकता, सख्त कानून और सामाजिक मानसिकता में बदलाव की जरूरत है। कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से समानता सिखाना, कार्यस्थल पर महिलाओं को समान वेतन और अवसर सुनिश्चित करना और पुरुषों व लड़कों को इस बदलाव का हिस्सा बनाना चाहिए।

## दहेज की मांग को लेकर पत्नी से मारपीट

**महोबा।** शहर के समदनगर मोहल्ले की एक विवाहिता ने उसके मायके पहुंचकर पति ने दहेज की मांग को लेकर मारा पीटा। विवाहिता के परिजन उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले गए।

नगर के मोहल्ला समदनगर निवासी भवानीदीन वर्मा ने फरवरी 2024 में बेटी आरती का विवाह बांदा के आलम खोड़ा निवासी रामू से किया था। शादी में पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक बाइक सहित काफी दान दहेज भी दिया था। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के कुछ माह तक सबकुछ ठीक चलता रहा है, लेकिन अचानक कम दहेज की बात कहकर पति, जेठ, देवर, सास और मामा सहित ससुराल पक्ष के लोग आएदिन प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने बताया कि चार पहिया वाहन की मांग को लेकर 15 दिन पहले भी उसे बुरी तरह पीटा गया था। घटना के बाद पीड़िता ने पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ शहर कोतवाली में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पीओएस मशीन से बांटें खाद

**संवाददाता पनवाड़ी**



मूंगफली क्रय केंद्र पर किसानों की खतौनी का अवलोकन करतीं डीएम। अमृत विचार

● डीएम ने एक उर्वरक बिक्री व दो मूंगफली क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने जिले के दो मूंगफली क्रय केंद्रों और एक उर्वरक बिक्री केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम पीसीएफ सेवा केंद्र पनवाड़ी का निरीक्षण किया, जहां केंद्र प्रभारी मनोज कुमार उपस्थित पाये गये। केंद्र पर स्टॉक एवं रेट बोर्ड लिखा पाया गया। साथ ही उर्वरक वितरण का कार्य चल रहा था। निरीक्षण दौरान 500 बोरी यूरिया खाद प्राप्त हुई जिनमें से 94 किसानों को प्रति किसान दो बोरी के हिसाब से 188 बोरी यूरिया का वितरण किया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर केंद्र प्रभारी को निर्देश दिये कि प्रत्येक किसान की खतौनी अनिवार्य रूप से रखी जाये तथा उर्वरक का वितरण पीओएस मशीन के ही किया जाए साथ ही केंद्र प्रभारी को प्रतिदिन केंद्र नियमित रूप से खोलकर उर्वरक का वितरण सुनिश्चित करने की बात कही। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित जिला प्रबंधक पीसीएफ को निर्देश दिये गये कि उर्वरक की उपलब्धता निरंतर केन्द्र पर बनाई रखी जाये। निरीक्षण के दौरान कृषकों से वार्ता की, जिस पर उन्होंने खाद की कोई समस्या नहीं बताई। जिलाधिकारी ने इसके बाद मूंगफली क्रय केंद्र बीपैक्स देवगनपुरा और मूंगफली क्रय केन्द्र बी-पैक्स किल्हौवा का निरीक्षण किया। देवगनपुरा केंद्र पर प्रभारी अशोक पाल उपस्थित मिले साथ ही केन्द्र पर मूंगफली की खरीद चल रही थी। निरीक्षण के समय किसान प्रतिभा सिंह निवासी पनवाड़ी की लगभग 20 क्विंटल मूंगफली मौके पर तुलाई के लिए उपलब्ध थी, जिनकी खतौनी एवं रजिस्ट्रेशन का अवलोकन किया गया। साथ ही नमीमापक यंत्र के अनुसार मूंगफली की नमी मौके पर जांच की गयी। केंद्र पर सभी व्यवस्था पूर्ण पाई गयी। वहीं मूंगफली क्रय केंद्र किल्हौवा के निरीक्षण में केन्द्र प्रभारी अनवर खान उपस्थित मिले और वहां पर मूंगफली की खरीद चल रही थी। मौके पर विमलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम किल्हौवा की लगभग 20 क्विंटल मूंगफली की तुलाई होती पाई गई। डीएम ने मूंगफली तुलाई के बाद किसानों को 6 आर जारी कर भंडारित मूंगफली की डिलेवरी एवं कृषकों के भुगतान के निर्देश दिए।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में लगाई गईं चौपालें

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जिले में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिसके तहत गुरुवार को जिले के सभी थानों द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायतों एवं समुदायों में चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया साथ ही उनकी समस्याओं के त्वरित एवं विधिक निस्तारण के लिए जागरूक किया गया। अभियान के तहत थानों की एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीमों ने बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद के थानों में संचालित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

# जानलेवा हमले के दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निदेश पर जिले में वांछित व आपराधिक मामलों में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खन्ना व एसओजी की संयुक्त टीम ने जानलेवा हमले के वांछित दो नामजद अभियुक्तों को किया गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना खन्ना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम अटघार निवासी नंदकिशोर कुशवाहा एवं उसके पुत्र शिवम को 8 दिसम्बर को बाइक से जा रहे थे तभी ग्राम के पचपहरा रोड पर अभियुक्त लोकनाथ सिंह व उसके साथियों ने लाठी डंडों से हमला किया गया, जिससे नंदकिशोर की मृत्यु हो गई।

घटना के संबंध में थाना खन्ना में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना खन्ना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह एवं जनपदीय एसओजी प्रभारी शिव प्रताप सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीमों ने घटना में संलिप्त लोकनाथ सिंह पुत्र स्व. रामकिशुन (52) व देवनाथ उर्फ गट्टी पुत्र स्व. रामकिशुन (44) निवासीगण अटघार थाना को घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लाठी के साथ एक्सप्रेसवे के किनारे वहद ग्राम खन्ना से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।

**कार्यक्रम** छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बांधा समां

# वार्षिकोत्सव में गीत-संगीत की रही धूम

**संवाददाता पनवाड़ी, महोबा**



वार्षिकोत्सव में नृत्य की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पनवाड़ी विकासखंड में स्थिति निस्वारा के शिरडी साईं बाबा स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जहां छात्र-छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। कुछ बच्चों ने नृत्य करने के बाद भजन कीर्तन में हिस्सा लिया। भजन सुनने के लिए ग्रामीणों की देर शाम तक भीड़ जमा रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम दौरान छात्र छात्राओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

छात्र विशाल राजपूत ने कहा कि शिरडी साईं बाबा स्कूल क्षेत्र में एक ऐसी संस्था है जो निःशुल्क शिक्षा देने के साथ साथ शिक्षण कार्य के लिए शिक्षा सामग्री भी निःशुल्क उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि अब साईं धाम के बेहतर अनुभव व परिणाम सामने आने लगे हैं। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाली अलीपुरा गांव की कंचन राजपूत ने आईआईटी रुड़की में अपना एग्जाम पास कर दाखिला पाया है और यहीं से निकले छात्र अरुण पांचाल ने प्रयागराज विश्वविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष में टॉप किया था। उन्होंने बताया कि लोहागढ़ निवासी देवराज श्रीवास अपनी यूपीएससी की तैयारी जोरों से कर रहा है एवं लौलारा का छात्र धीरेंद्र अरजरिया ने देवंस मध्य प्रदेश में एक निजी कम्पनी में अच्छे पैकेज में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के संस्थापक के अथक प्रयास और बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने से इस संस्था ने जिले में अपना अलग मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक प्रदीप कुमार ने किया। नितिन विश्वकर्मा, राम सिंह, राम प्रकाश, खेमचंद्र रैकवार सहित सभी लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

# 4 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति व जीरो चाइल्ड लेबर जोन अभियान के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड लाइन और एएचटीयू की संयुक्त टीम ने कुलपहाड़ व चरखारी कस्बों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के टीम ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन होटल, ढाबों व दुकानों पर निरीक्षण के दौरान बालश्रम में लिप्त चार बालकों को मुक्त कराकर दुकानदारों को नोटिस के साथ भविष्य में बच्चों से कारोबारी काम न कराए जाने की चेतावनी दी गई।

बाल श्रम विभाग व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम ने बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रमिकों का मुक्त कराए जाने को लेकर कस्बा कुलपहाड़ और चरखारी में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने प्रतिष्ठानों, ढाबों, होटलों के अलावा रेलवे स्टेशन बस स्टाप व सड़कों पर बाल श्रम व भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों की तलाश की। टीम ने चार बालकों को प्रतिष्ठानों व ढाबों से मुक्त कराया। चेकिंग अभियान की सूचना मिलते ही ढाबों व होटल संचालकों में हड़कंप मच गया।

कहा बालश्रम करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। निरीक्षण के दौरान संरक्षण अधिकारी श्याम बाबू विश्वकर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश, दीपक कुमार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा एएचटीयू प्रभारी अवधेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### आग से झुलसे मासूम भाई-बहन

**पहाड़ी चित्रकूट।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसौंजा में एक घर में आग लगने से दो मासूम झुलस गए। इनको प्रयागराज रेफर किया गया है। आग से पांच बकरियां जलकर मर गईं। ग्रामीण की गृहस्थी भी राख हो गई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को परसौंजा गांव के चुन्नीलाल यादव के घर में आग लग गई। इससे उसका कच्चा घर पूरी तरह से जल गया। उसकी घर गृहस्थी राख हो गई। घटना के समय दो बच्चे अभिजीत (3), राजकिशोर (6) अंदर सो रहे थे। मां के चिल्लाने पर लोगों ने दरवाजा तोड़कर दोनों बच्चों को बाहर निकाला। इस दौरान दोनों गंभीर रूप से झुलस गए, इनको जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर किया गया। बच्चों की मां केशना देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। आग से धान बिक्री का 50 हजार रुपये, कपड़े, अनाज व गहने भी जलकर नष्ट हो गए। घटना के समय दो बच्चियां लक्ष्मी (9) सुनीता (7) स्कूल पढ़ने गई थीं। आग लगने की वजह नहीं पता चल सकी।

### 10 केंद्रों में होगी नवोदय की प्रवेश परीक्षा

**चित्रकूट।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को होगी। इसके लिए जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 3,415 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। मानिकपुर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेश बाबू ने बताया कि वर्ष 2026-27 सत्र के लिए पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छह की प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को होगी। परीक्षा प्रथम पाली में पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक होगी।

### नहर फटने से बुआई बर्बाद, किसानों ने की मुआवज़े की मांग

**चित्रकूट।** ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले माडी बांध से जुड़ी प्रमुख नहर की खुदाई और सफाई कराई गई थी। आरोप लगाया कि ठेकेदार व संबंधित अवर अभियंता ने काम को सही तरीके से पूरा नहीं कराया। नहर कई स्थानों पर पहले से ही टूटी हुई थी, जिसे न तो ठीक कराया गया और न मरम्मत के बाद किसी प्रकार की मजबूती दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने बिना स्थिति की जांच किए बांध के गेट खोलकर नहर में पानी छोड़ दिया। नतीजा यह हुआ कि कमजोर स्थानों पर नहर फट गई और काफी मात्रा में पानी खेतों में भर गया। बताया कि उन्होंने सिर्फ एक दिन पहले ही गेहूं आदि की बुआई की थी। नहर फटने से खेतों में पानी भर गया। किसानों ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में मांग की कि संबंधित विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई की जाए। जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं, उन्हें उचित मुआवज़ा दिया जाए। समाजसेवी मुकेश कुमार का कहना है कि यह मामला सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि किसानों की आजीविका से जुड़ा है।

# स्कूलों के ऊपर से निकले हाईटेंशन तार हटाने के निर्देश

## जिलाधिकारी ने मातहतों से जानी जिले के जर्जर स्कूल भवनों की हालत

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को बैठक कर परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों के संबंध में जानकारी की। उन्होंने स्कूलों के ऊपर से निकली हाईटेंशन बिजली की तारों को तुरंत हटाने के भी निर्देश दिए।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने जिलाधिकारी को जिले के जर्जर स्कूल भवनों की सूची उपलब्ध कराई। बताया कि कुल 302 भवनों /ढांचों को चिह्नित किया गया है। ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि इनमें से 214 भवनों/ढांचों का मौका मूल्यांकन हो गया है एवं शेष 88 पर कार्य हो रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित समिति के अधिशाषी अभियंता और सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि जिनका मूल्यांकन हो गया है, उनकी आगणन संबंधी सूचना बीएसए को दें, जिससे आगे की कार्रवाई कराई जाए। शेष 88 का काम कर पूरा होगा, इसकी भी जानकारी दें। बीएसए को निर्देशित किया कि समिति के अधिशाषी अभियंता को एक और पत्र भेजा जाए। बीएसए ने बताया कि 103 विद्यालय परिसर या भवनों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन तार गई है। इसे हटाए जाने के लिए बजट मांगपत्र शिक्षा निदेशक बेसिक उप्र लखनऊ को भेजा गया था।

अध्यक्ष उप्र पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड ने 18 जुलाई को विद्युत विभाग को 48.43 लाख रुपये दिए हैं। उधर, एक्सईएन कर्वी ने बताया कि हाईटेंशन लाइन तार हटाए जाने संबंधी टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही काम शुरू हो जायेगा। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन तार प्राथमिकता के अनुसार हटाई जाए, जिससे कोई अप्रिय घटना न घटित होने पाए। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लोकनिर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग एवं विद्युत वितरण खंड कर्वी व राजापुर के अधिशाषी अभियंता और सहायक अभियंता आदि मौजूद रहे।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार



'अमृत विचार' में प्रकाशित समाचार।

### 79 स्कूलों को दी गई कनेक्शन की राशि

- बीएसए ने बताया कि दो वर्ष पूर्व 79 विद्यालयों में कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग को धनराशि उपलब्ध कराई गई है। इस पर डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित विद्यालयों में प्राथमिकता के अनुसार कनेक्शन कराकर सूचना बीएसए कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व राशि दे गई है तो कनेक्शन क्यों नहीं हुआ।

### 'अमृत विचार' ने समय-समय पर छापी हैं खबरें

- स्कूलों के जर्जर भवनों को लेकर 'अमृत विचार' ने कई बार खबरें प्रकाशित कीं। इसी प्रकार स्कूल भवन या परिसर के ऊपर से निकली हाईटेंशन तारों संबंधी समाचार भी समय-समय पर प्रकाशित किए गए। जिलाधिकारी की इस बैठक के बाद आशा की जा रही है कि नौनिहालों की जिंदगी के साथ हो रहा खिलवाड़ बंद होगा।

# पुलिसकर्मियों से कमतर नहीं हैं पीआरडी जवान : सीओ ट्रैफिक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) स्वयंसेवकों का स्थापना दिवस संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमद ने सलामी व परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवान किसी भी हाल में पुलिस जवानों से कम नहीं हैं।

स्थापना दिवस में हुए कार्यक्रम में तीन टोलियों ने प्रतिभाग किया। टोली नंबर एक का नेतृत्व शिवशरण पटेल, दो का नेतृत्व श्याम नारायण त्रिपाठी और टोली नंबर तीन का नेतृत्व वीर बहादुर ने किया। सीओ ने पीआरडी जवानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये लोग पुलिस जवानों से कम नहीं है पूरा समाज सो रहा होता है लेकिन तब भी ये अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहते हैं। परेड कमांडर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उदयभान रहे। जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश उपाध्याय ने बताया कि सात दिवसीय अल्प समय तैयारी में स्थापना दिवस मनाया गया है। सभी पीआरडी स्वयंसेवकों को साफ सुथरी वर्दी, अनुशासन व ड्यूटी के प्रति निष्ठा के निर्देश दिए गए। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान में आने वाली टोलियों को शील्ड प्रदान की गईं। टोली नं एक प्रथम स्थान में रही। प्रशिक्षण पुलिस लाइन के मनीष कुमार वर्मा, रविशंकर गुप्ता व भानु प्रताप ने दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीकेशन ने किया। कार्यक्रम में अरविंद सोनकर जिला क्रीड़ाधिकारी, एलआईयू इंस्पेक्टर शिवसागर तिवारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अखंड प्रताप, पत्रकार राकेश चैधरी, व्यायाम शिक्षक श्यामसुंदर यादव, आनंद सिंह, कनिष्ठ सहायक सिद्धार्थ निगम स्टेडियम कोच अंगद यादव, अख्तर हुसैन, फिरोज अंसारी आदि मौजूद रहे।


परेड की सलामी लेते क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमद। अमृत विचार

# घाट संचालक किसानों के खेतों से बना रहे रास्ता

**कालपी-जालौन।** हीरापुर में घाट संचालक सरकारी भूमि पर नहीं बल्कि किसानों के खेतों से रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे थे।

शासन ने महेवा ब्लाक क्षेत्र की यमुना पटटी स्थित ग्राम हीरापुर में लगभग 100 हेक्टेयर भूमि में 7 खनन पटटे किये हैं हांलाकि अभी महज रवि पंजवानी तथा वैभव गुप्ता के नाम हुए 15 -15 हेक्टेयर के दो पट्टों को खनन की हरीझण्डी मिली है। ठेकेदारों ने पटटे तक रास्ता बनाने का काम शुरू किया था लेकिन हीरापुर के किसानो ने खेतो से बनाए जा रहे रास्ते का विरोध कर दिया था, इतना ही नहीं उन्होंने गत शनिवार को समाधान दिवस के दौरान भी शिकायती पत्र दिया था।

### सेवा भारती के युवाओं ने देखी कला दीर्घा प्रदर्शनी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** सेवा भारती के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस स्थित कला दीर्घा में राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के व्यक्तित्व और कृतित्व पर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी देखी। इस मौके पर राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री विजय पुराणिक, कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री गजेंद्र, महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री आत्माराम आदि मौजूद रहे। डा. राकेश कुमार ने कला दीर्घा प्रदर्शनी के उद्देश्य और संरचना पर प्रकाश डाला।

# जानकारी मांगने पर बीएलओ को दी धमकी

संवाददाता, रामनगर/ राजापुर (चित्रकूट)

- अध्यापक पहुंचे थाने, आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** गणना प्रपत्र संबंधी जानकारी मांगने पर एक युवक ने बीएलओ से गालीगलौज की। बीएलओ का आरोप है कि उसने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय और ब्लाक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी की अगुवाई में शिक्षक राजापुर थाने पहुंचे और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की।

प्राथमिक विद्यालय छीबों प्रथम क्षेत्र-रामनगर के सहायक अध्यापक रामसागर ने बताया कि उसकी ड्यूटी एसआईआर संबंधी काम में छीबों में लगी है। नौ दिसंबर की सायंकाल उसने गणना प्रपत्र पर अंकित मोबाइल नंबर पर फोन कर जानकारी मांगी। आरोप लगाया कि मोबाइल से सहादत हुसैन निवासी छीबों ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। शिक्षक ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी के साथ बीईओ को जानकारी दी। उधर, शिक्षकों ने संघ के पदाधिकारियों के साथ उप जिलाधिकारी राजापुर फूलचंद्र यादव से मिलकर आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की। बीईओ एनपी सिंह ने भी एसडीएम से बात कर बीएलओ को धमकाने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आग्रह किया। एसडीएम ने गांव पहुंचकर शिक्षक को सांत्वना दी। बताया गया कि पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए पर वह घर में नहीं मिला। थानाध्यक्ष लाखन सिंह ने बताया कि वह मीटिंग में हैं। बाद में ही कुछ जानकारी दे सकेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि एसडीएम और थानाध्यक्ष ने शिक्षक को धमकाने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया।


बीएलओ की पिटाई के विरोध में राजापुर थाने पहुंचे आक्रोशित शिक्षक। अमृत विचार

# 6 माह पहले पैचवर्क हुई सड़क धंसी

**कालपी-जालौन।** गुरुवार सुबह अचानक छह माह पहले पैचवर्क हुई सड़क धंस जाने से रिक्रूटों को लेकर आ रही पीटीएस की बस फंस गई। हालांकि इस दौरान किसी को चोट नहीं आई है।

शासन ने क्षेत्र के ग्राम मगरौल में एक दशक पूर्व पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय की स्थापना की थी जिसमें ज्यादातर समय पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण चलता रहता है। इसके चलते अधिकारियों का भी आवागमन बना रहता है। इससे यह क्षेत्र वीआईपी श्रेणी में आ गया है। इससे मगरौल रोड भी अपना रसूख रखती है। लेकिन अभी मात्र छह माह पहले मगरौल रोड में हुए पैच वर्क में जमकर हीलाहवाली की गई है। इसके चलते कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ है। गुरुवार को इसी रोड से जाते समय पीटीएस की एक बस अचानक सड़क में धंस गई।

# खाद की कालाबाजारी का आरोप

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- किसान बोले, सुनवाई न हुई तो करेंगे आमरण अनशन
- किसानों ने अपरजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** जिले में खाद की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए समाजसेवियों की अगुवाई में किसानों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। किसानों ने सुनवाई न होने पर आमरण अनशन की भी धमकी दी।

समाजसेवी एडवोकेट प्रखर पटेल व मुकेश कुमार की अगुवाई में तमाम गांवों के किसान जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। किसानों का कहना था कि खाद न मिलने से उनको रबी की फसल बोने में दिक्कत हो रही है। मांग की कि डीएपी और यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए, निजी दुकानों से डीएपी खाद 1350 रुपये और यूरिया खाद 266 रुपये प्रति बोरी की दर से दी जाए, खाद के साथ किसी भी प्रकार का उर्वरक जिंक आदि किसानों को खरीदने पर मजबूर न किया जाए। किसानों ने बताया कि प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो आमरण अनशन किया जाएगा। इस दौरान अजय शहदेव, कृष्णकांत, कुलदीप, अतुल, माइकल, नत्थू, ऋषि कुमार, वीरेंद्र, लवकुश, रामबाबू, संदीप, साहिल, दिनेश, रामसुहावन व किसान मौजूद रहे।


अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी और किसान। अमृत विचार

# 12 घंटे पहले पूर्ण हुआ एसआईआर का कार्य

संवाददाता कालपी-जालौन

**अमृत विचार।** निर्धारित समय से 12 घण्टे पूर्व ही विधान सभा क्षेत्र की एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो गई। इसमें पचास हजार के आसपास मतदाताओ की संख्या में कमी आने की सम्भावना जताई जा रही है।

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया था जिसमे वर्तमान मतदाताओ को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से सम्बन्ध स्थापित करना था इसके लिए 4 दिसम्बर तक समय सीमा भी निर्धारित की गई थी।

हांलाकि बाद में यह समय सीमा 11 दिसम्बर कर दी थी फिर भी यह काम समय से करना आसान नहीं था, क्योकि बी एल ओ को फार्म वितरण के बाद वापस लेकर उन्हे आनलाईन भी करना था लेकिन उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अगुआई में मे यह प्रक्रिया निर्धारित अवधि से 12 घण्टे पहले ही पूरी हो गई है।

### शिकायतकर्ता के साथ फोटो भी खिंचवाएं अफसर

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि आईजीआरएस के अंतर्गत प्राप्त आख्याओं को देखने से स्पष्ट हुआ कि जांच अधिकारियों द्वारा मौके पर की गई जांच और कार्यवाही से संबंधित साक्ष्य संलग्न नहीं किए जाते, जिससे शिकायतकर्ता पुन: इस आशय की शिकायत कर देते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि संदर्भों की जांच के लिए जो अधिकारी मौके पर जाएं, वे शिकायतकर्ता को भी मौके पर सुनें और तदनुसार गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता के साथ अपनी स्वयं की फोटो खींचकर जॉच आख्या के साथ संलग्न करें।

# बिना हेलमेट वालों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया। कलेक्ट्रेट में बिना हेलमेट आने वाले आगंतुकों को रोककर हेलमेट की अनिवार्यता के संबंध में बताया गया।

डीएम पुलकित गर्ग ने इन बाइकसवारों को फूल भेंट कर सम्मानपूर्वक समझाया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश गंभीर चोटें हेलमेट न पहनने के कारण होती हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमित रूप से हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं एवं यातायात नियमों का पालन करें। आगे से बिना हेलमेट वाहन चलाने की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


लोगों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री अनुपमा शर्मा से संबंध-विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उसके कृत्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार न होगा। **भानुदत्त शर्मा पुत्र स्व. रघुवीरदत्त शर्मा निवासी- 2/332 साहबगंज नरायनदास, फर्रूखाबाद।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम IBAD ASIF जो कि बदलकर IBAAD ASIF रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **IBAAD ASIF S/O- ASIF IFTIKHAR शादाब कालोनी रहीम नगर महानगर लखनऊ।**

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में प्रियांशी अंकित हो गया है, जबकि पुत्री के शैक्षिक प्रमाण पत्र में नाम प्रिशा पुत्री अतुल कुमार शर्मा है जो सही है। पुत्री को प्रिशा नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **अतुल कुमार शर्मा, निवासी 4/ 108, नुनहाई स्ट्रीट, फर्रूखाबाद।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोहम्मद सुहैल था जिसे बदलकर मैंने सुहैल खान कर लिया है। मेरी जन्म तिथि 20.06.1984 है। अत: मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **सुहैल खान पुत्र अब्दुल गफ्फार, बंगला वार्ड अमेठी लखनऊ। मो0:** 7905092885

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी का नाम व जन्मतिथि पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD ZAFAR व जन्मतिथि-20.10.1986 अंकित हो गया है जबकि शपथी का वास्तविक नाम व जन्मतिथि जफर मो0 शेख (ZAFAR MOHD SHAIKH) - व जन्मतिथि-01.01.1985 है। अबसे मैं सभी जगह कानूनी रुप से जफर मो0 शेख (ZAFAR MOHD SHAIKH) नाम का उपयोग करूंगा और इसी नाम से जाना जाऊँगा।

**सूचना**

त्रुटि वश मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम ओमकार नाथ दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम ओमकार नाथ चौरसिया है। मुझे ओमकार नाथ चौरसिया के नाम से लिखा-पढा एवं जाना पहचाना जाये। **ओमकार नाथ चौरसिया पुत्र-राधेश्याम चौरसिया पता- 568ख/442, गीता पल्ली आलमबाग, लखनऊ।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम SAI KARRAR HUSAIN था से बदलकर SYED KARRAR HUSAIN रख लिया है। अब मुझे SYED KARRAR HUSAIN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O- SAI TAKBIR HUSAIN ADD - MOHALLA UPARI ASHRAF TOLA SANDILADIST-HARDOI - 241204 (U.P)**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आशीष सिंह, RegtlNo -G/5036335X, 39 असम राइफ़ल्स ग्रा. गोविन्दपुर, पो. व थाना सरेनी तह. लालगंज, जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरा पूर्व निवास स्थान चेक पोस्ट, भादरा पारा, बालकोनगर, थाना बालकोनगर तह. कोरबा, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ (495684) का निवासी था। जो कि वर्तमान पता ग्रा. गोविन्दपुर, पो. व थाना सरेनी तह. लालगंज, जिला रायबरेली उत्तरप्रदेश (229212) का निवासी हूँ। जिसे सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाए।


धरोहर

मंदिर की जमीन पर किया गया अतिक्रमण, लोग खेती भी करने लगे

# प्राचीन धार्मिक स्थल चकला बाबा को संरक्षित करने की मांग

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** अतिक्रमणकारियों के लिए किसी स्थान में कब्जा करने में दिक्कत नहीं। सरकारी जमीन हो या मंदिर की भूमि हो, वे कहीं भी कब्जा करने में हिचकते नहीं हैं। तुलसीतीर्थ से लगे हुए प्राचीन सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर का भी यही हाल है। यहां तो कुछ लोगों ने मंदिर की खाली पड़ी जमीन हथियाकर वहां खेती भी करनी शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत भंभेट में चकला बाबा नाम से प्रसिद्ध हनुमान मंदिर स्थित है, जो बुजुर्गों की मानें तो लगभग दो हजार साल पुराना है। इस मंदिर के प्रति आसपास के ग्रामीणों में बहुत श्रद्धा है। यहां मन्नत पूरी होने पर भंडारे किए जाते हैं। ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि देखरेख के अभाव में मंदिर तो जीर्णशीर्ण हो ही रहा है, आसपास काफी जमीन है, जिस पर अतिक्रमण कर लोग खेती कर रहे हैं।


देखरेख के अभाव में यह हाल हो गया मंदिर का।


मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा।

**महाराजा विक्रमादित्य ने किया था निर्माण:** बुजुर्ग ग्रामीण इस मंदिर के निर्माण के संबंध में एक कहानी भी बताते हैं। वे कहते हैं कि उनके बुजुर्ग बताते थे कि उज्जैन नगरी के महाराजा विक्रमादित्य ने राम विश्राम स्थल के रूप में इस स्थान पर वनवासी राम, सीता, लक्ष्मण की मूर्तियों के मंदिर का निर्माण किया था। यमुना नदी की वजह से कटान के कारण वह स्थान खत्म होने की स्थिति में आ गया तो पेशवाओं के ब्रिटिश काल में महाराष्ट्र से निर्वासित होने पर मराठा वीर विनायक राव पेशवा ने यहां पर 500 बीघे जमीन लेकर इसका पुनर्निर्माण करवाया था और यहां पर भगवान विष्णु, हनुमान जी के साथ गाय की मूर्ति स्थापित की। वे यहां सावन माह और विशेष पर्वों पर आकर रहते थे और उत्सव मनाते थे। बताया कि कुछ पूर्वज तो यहां तक बताते थे कि मराठों के पास पारस पत्थर था। सन् 1915 में अंग्रेज सरकार ने उनसे पारस पत्थर मांगा जब उन्होंने नहीं दिया तब उन्हें नजरबंद कर लिया गया और यह स्थान लावारिस हो गया। ब्रिटिश आक्रांताओं के भय से तत्कालीन पुजारी मराठों द्वारा स्थापित की गईं मूर्ति को यहां से दूसरी जगह ले जाई गईं। आज तक उन मूर्तियों का पता नहीं चल पाया है।

### लोगों को मिल सकता है रोजगार : शीतल प्रसाद



- हनुमान भक्त शीतल प्रसाद तिवारी का कहना है कि इस प्राचीन मंदिर की हालत देखरेख की वजह से खराब होती जा रही है। इस तरह की धरोहरों को बचाना हम सबका कर्तव्य है। अगर इसे संरक्षित करा दिया जाए और यहां सुविधाएं कर दी जाएं तो यहां पर्यटक और श्रद्धालु आएंगे। लोगों को रोजगार भी मिल सकता है।

### लिखापढ़ी के बाद भी कुछ नहीं हुआ : मार्कंडेय तिवारी



- गांव निवासी मार्कंडेय तिवारी ने बताया कि यह स्थल ऐतिहासिक और पौराणिक हैं। इसे संरक्षित करने के लिए कई बार पत्रों के माध्यम से लिखापढ़ी की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ। यह स्थल पूरे क्षेत्र के आस्था का केंद्र माना जाता है। इसे संरक्षित और विकसित करने के लिए शासन से फिर मांग की जाती है।

